

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## नई ट्रेन से घटेगी वेटिंग और बढ़ेगी सुविधा

अमरकंटक एक्सप्रेस में रायपुर से जबलपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या रोजाना 250 से अधिक होती है। यात्री स्लीपर, एसी और जनरल कोच में सफर करते हैं। सामान्य दिनों में भी ट्रेन में वेटिंग लिस्ट 60 से ऊपर रहती है, जबकि त्योहारों के दौरान यह 100 पार कर जाती है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी होती है।नई ट्रेन शुरू होने से वेटिंग में कमी आएगी और यात्रियों को कंफर्म टिकट आसानी से मिल सकेगा। इससे सफर न सिर्फ सुविधाजनक होगा, बल्कि यात्रियों का भरोसा भी रेल सेवा में और बढ़ेगा।

*5 साल लगातार मांग के बाद रेलवे ने जबलपुर- रायपुर को दी मंजूरी*

# नई ट्रेन से जबलपुर का सफर 2 घंटे होगा कम, कटनी रूट से अमरकंटक को लगते हैं 9 घंटे, अब गोंदिया होकर बचेगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जबलपुर और रायपुर के बीच नई ट्रेन सेवा की लंबे समय से की जा रही मांग को आखिरकार रेलवे ने मंजूरी दे दी है। पिछले पांच वर्षों से यात्री इस रूट पर ट्रेन संचालन की मांग कर रहे थे। अब उन्हें जबलपुर और बालाघाट जाने के लिए केवल अमरकंटक एक्सप्रेस पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस संबंध में आधिकारिक घोषणा कर दी है, हालांकि ट्रेन की समय सारणी ▶▶|शेष पेज 16 पर

### गोंदिया रूट से सीधे पहुंचेंगे यात्री

रायपुर से जबलपुर जाने वाले यात्रियों को अब लंबे सफर की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। अभी तक केवल अमरकंटक एक्सप्रेस ही एकमात्र विकल्प थी, जो कटनी होकर जाती है और इसमें 9 घंटे 15 मिनट का समय लगता है। अब रेलवे ने रायपुर-जबलपुर के बीच नई ट्रेन सेवा को ▶▶|शेष पेज 16 पर

पिछले वर्ष हुई किरकिरी के बाद पुनः गड़बड़ी

# उच्च शिक्षा में ऊंची गफलत, पदोन्नति सूची में बरसों पहले दिवंगत हो चुके और सेवानिवृत्त प्रोफेसर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग ने प्राध्यापकों की पदोन्नति सूची जारी की है, जिसमें बड़ी खामियां नजर आ रही है। विभाग ने बरसों पूर्व गुजर चुके 2 प्रोफेसर्स सहित सेवानिवृत्ति हो चुके 2 प्रोफेसर्स को भी पदोनत्ति दे डाली। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा द्वारा जारी किए गए पदोन्नति संबंधित इस आदेश के बाद प्रदेशभर के महाविद्यालयों के प्राध्यापक अचंभे में हैं। यह आदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार देर शाम जारी किया गया। इस आदेश के माध्यम से प्रदेशभर के 302 सहायक प्राध्यापकों को प्राध्यापक पद पर पदोन्नत किया गया। जारी सूची में दो नाम ऐसे हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी हैं।

दिवंगत के अलावा सूची में तीन नाम ऐसे भी हैं, जो रिटायर हो गए है और विभाग ने उन्हें पदोन्नत कर दिया। जारी किए गए आदेश में उच्च शिक्षा विभाग ने लिखा है, छग ▶▶|शेष पेज 16 पर

## 302 सहायक प्राध्याकों को प्राध्यापक पद पर किया गया है पदोन्नत

### उच्च शिक्षा विभाग ने ये कहा...

उच्च शिक्षा विभाग के सचिव एस. भारतीदासन ने इस संबंध में बताया कि सहायक प्राध्यापक से प्राध्यापक पद के लिए 2016 में डीपीसी की बैठक हुई थी। इसके बाद उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में इस डीपीसी की रिव्यू डीपीसी की बैठक 2025 में की गई। जिन लोगों को पदोन्नित मिली वो रिव्यू डीपीसी में उपयुक्त पाए गए। उन 366 लोगों में 297 वर्तमान में कार्यरत हैं। जो 366 लोग पदोन्नति के लिए उपयुक्त पाए गए उनमें से 63 सेवानिवृत्त हुए हैं। जो सेवानिवृत्त हुए हैं उनमें से 2 लोगों की मृत्यु हो चुकी है और चार पर डीई चल रही है। जिनकी मृत्यु या सेवानिवृत्ति हो गई है, इनका पदोन्नति आदेश इस शर्त पर जारी किया जाएगा कि पेंशन के निर्धारण के लिए ये पदोन्नति पद वेतन निर्धारण से संबंधित है, यह केवल पेंशन प्रयोजन के लिए होगा।



### बीते वर्ष चंद दिनों में दी थी नई पदास्थापना

पिछले वर्ष भी उच्च शिक्षा विभाग का एक आदेश विवादों में रहा था। प्राध्यापकों की पदोन्नति और तबादले संबंधित आदेश विभाग ने जारी किए थे। आदेश जारी करने के कुछ दिनों के अंतराल में ही दोबारा आदेश जारी कर प्राध्यापकों के स्थानांनतरण स्थल को परिवर्तित कर दिया गया था। कई प्राध्यापक जिन्हें पूर्व में ग्रामीण अंचल अथवा दूरस्थ क्षेत्रों में भेजा गया था, उनकी शहरी क्षेत्रों में वापसी करा दी गई थी। इस पर विभाग का कहना था कि जिन प्राध्यापकों को स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं थीं, उनका ही तबादला चंद दिनों के अंतराल में किया गया है।

### इन नामों को लेकर चर्चा

- डॉ. भगत सिंह ढीढी बरसों पहले दिवंगत हो चुके हैं। वे राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक थे। भाटापारा के शासकीय महाविद्यालय के बाद रायपुर के छत्तीगसढ़ महाविद्यालय में अपनी सेवाएं दी थी।
- डॉ. प्रेमलता मिश्र आठ साल पूर्व स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले चुकी हैं। वे भी राजनीति विज्ञान की प्राध्यापक हैं। दुर्ग जिले के शासकीय महाविद्यालय उतई में उन्होंने सेवाएं दी हैं।
- डॉक्टर स्मृति अग्रवाल ने भौतिक शास्त्र के प्रोफेसर के तौर पर सेवाएं दी थी। वे भी कुछ वर्ष पूर्व स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले चुकी हैं। शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर, दुर्ग में कार्यरत थीं।
- डॉ. शकीला गायकवाड़ भी दिवंगत हो चुकी हैं। वे भी राजनीति विज्ञान की प्राध्यापिका थीं। शासकीय महाविद्यालय धमधा में उन्होंने सेवाएं दी थी।








।। जय देवांगन ।।
।। जय मां परमेश्वरी ।।
।। जय महाजन ।।
प्रदेश देवांगन कल्याण समाज (छ.ग.) पं.क्र. 2338
देवांगन महाकुंभ 01 जून 2025
सामाजिक आस्था का महासंगम
कार्यक्रम में आप समस्त अथियों का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
स्थान- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान जी.ई.रोड़ रायपुर छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
मान. लखन लाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भगवती प्रसाद देवांगन
अध्यक्ष
मुकेश देवांगन
प्रदेश महासचिव
चंद्रिका प्रसाद देवांगन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
रवि देवांगन
प्रदेश संगठन मंत्री
विशेष अतिथि
मान. किरण सिंहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़
पोषण लाल देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
महेन्द्र देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
मनोहर देवांगन
प्रदेश युवा अध्यक्ष
किरण देवांगन
प्रदेश महिला अध्यक्ष
अध्यक्षता
प्रदीप देवांगन
प्रदेश अध्यक्ष
विनीतः प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ.ग. (पंजीयन क्र. 2338)


DMart®
Daily Discounts Daily Savings
नई क्लास, नई शुरुआत
DMart ready
स्टेशनरी और अन्य
15% – 35% छूट मूल कीमत पर ब्रान्डेड लॉंगबुक्स एण्ड नोटबुक्स
न्यूनतम 15% छूट मूल कीमत पर पेन्स
न्यूनतम 20% छूट मूल कीमत पर पेन्सिल्स
₹15** से आगे प्लास्टिक पेन्सिल बॉक्सेज़
₹275* सिर्फ जे के कॉपियर पेपर A4 (21 सेमी x 29.7 सेमी) 70 gsm 500 शीट्स मूल कीमत ₹ 355
15% छूट मूल कीमत पर पिडिलाइट ग्लू
न्यूनतम 15% छूट मूल कीमत पर ड्रॉइंग का सामान
₹49** से आगे पेन्सिल पाउचेज़
₹139** से आगे लंच बैग
₹99** से आगे मेटल एण्ड मैग्नेटीक पेन्सिल बॉक्सेज़
₹179** सिर्फ 12 फोल्डर एग्ज़ीक्यूटिव फाइल मूल कीमत ₹ 250
₹55** सिर्फ ब्राउन बुक कवर 38 सेमी मूल कीमत ₹ 70
₹21** से आगे बुक लेबल स्टिकर्स
₹219** सिर्फ कैलकुलेटर मूल कीमत ₹ 400
₹49** से आगे सिज़र्स
₹199** सिर्फ एग्ज़ीक्यूटिव फोल्डर 12 पॉकेट फाइल मूल कीमत ₹ 290
15% छूट मूल कीमत पर कंगारू उत्पादों पर
20% छूट मूल कीमत पर अप्सरा इरेज़र एण्ड शार्पनर
₹349** से आगे स्टडी टेबल
₹149** से आगे बिल्डिंग ब्लॉक्स
₹99** से आगे इवा पज़ल
बैग्ज़, बॉक्सेज़ और अन्य वस्तुएं
₹299** से आगे कॉलेज बैग्ज़
₹199** से आगे स्कूल बैग्ज़
₹149** से आगे लंच बॉक्स+ पानी बोतल कॉम्बो
₹99** सिर्फ स्टील फ्लेक्सी 2 लेयर लंच बॉक्स मूल कीमत ₹ 399
₹39** से आगे लंच बॉक्स
₹149** से आगे स्टील बोतल
₹49** से आगे प्लास्टिक बोतल
₹10** से आगे किड्स फेस टावल
₹249** से आगे पॉलिमर क्रिकेट बॅट
₹379** सिर्फ फुटबॉल मूल कीमत ₹ 470
₹249** से आगे बास्केट बॉल
₹299** से आगे छाते
₹149** सिर्फ पोंचो मूल कीमत ₹ 199
₹179** से आगे स्कूल शूज़
डेली एसेंशिअल्स और ग्रोसरी
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त कैडबरी ओरिओ ओरिजिनल मेगा फॅमिली पैक बिस्किट 875.75 ग्राम मूल कीमत ₹ 310
₹19* सिर्फ ब्रिटानिया गोबल्स फ्रूटी फन केक 100 ग्राम मूल कीमत ₹ 30
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त पारले हाइड एन्ड सीक 4 फन फ्लेवर्स चोको चिप क्रीम सॅन्डविचेस बिस्किट्स 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 165
₹375* सिर्फ कैडबरी बोर्नविटा रिफील 1 किलो मूल कीमत ₹ 490
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त टू यम् भूत चीप्स 82 ग्राम मूल कीमत ₹ 60
₹320* सिर्फ नटेला फेरेरो 350 ग्राम मूल कीमत ₹ 399
₹109* सिर्फ मॅकेन स्माइल 415 ग्राम मूल कीमत ₹ 150
₹214* सिर्फ किसान मिक्स फ्रुट जॅम 700 ग्राम मूल कीमत ₹ 270
₹99* सिर्फ मैगी मसाला नूडल्स 560 ग्राम मूल कीमत ₹ 120
₹135* सिर्फ चिंग्ज़ शेजवान चटनी बोतल 590 ग्राम मूल कीमत ₹ 180
₹68* सिर्फ डेल मोंटे टोमॅटो केचप पाउच 900 ग्राम मूल कीमत ₹ 130
₹119* सिर्फ अमूल चोकोमिनीज 250 ग्राम मूल कीमत ₹ 140
₹479* सिर्फ नटराज कॅलिफोर्निया बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 599
₹499* सिर्फ नटराज काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 699
₹199* सिर्फ ब्रुक बॉंड ताज़ा चाय 1 किलो मूल कीमत ₹ 250
₹105* सिर्फ नेस्ले किटकॅट चॉकलेट 118.4 ग्राम मूल कीमत ₹ 150
₹210* सिर्फ इंडिया गेट सुपर बासमती चावल 1 किलो+50% अतिरिक्त मूल कीमत ₹ 280
₹159* सिर्फ हिमालया प्युरीफायींग नीम फेस वॉश 150 मि.ली. मूल कीमत ₹ 279
₹175* सिर्फ मेडिमिक्स साबुन 4x125 ग्राम प्रत्येकी मूल कीमत ₹ 225
₹524*/₹460* सिर्फ सर्फ एक्सेल मैटिक फ्रंट/टॉप लोड लिक्विड डिटर्जंट पाउच 4 लि. मूल कीमत ₹ 885/₹ 795
₹199* सिर्फ हार्पिक पावर ओरिजनल टॉयलेट क्लिनर 1 लि. मूल कीमत ₹ 235
₹45* सिर्फ लूज़ चीनी 1 किलो
₹57* सिर्फ लूज़ वाडा कोलम चावल 1 किलो
₹76* सिर्फ लूज़ बिरयानी चावल 1 किलो
₹32* सिर्फ लूज़ गेहूँ आटा 1 किलो
₹105* सिर्फ लूज़ लातूर तुअर दाल 1 किलो
₹39* सिर्फ लूज़ रवा 1 किलो
₹74* सिर्फ लूज़ बेसन 1 किलो
₹46* सिर्फ लूज़ जाड़ा पोहा 1 किलो
₹119* सिर्फ लूज़ मूंगफली 1 किलो
₹145* सिर्फ लूज़ मखाना 100 ग्राम
₹59* सिर्फ गुड़ प्रीमियम 900 ग्राम मूल कीमत ₹ 90
₹259* सिर्फ मिक्स ड्राय फ्रूट्स 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 406
₹429* सिर्फ बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 670
₹399* सिर्फ स्वाद पिस्ता 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 575
₹140* सिर्फ स्वाद किसमिस 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 208
₹99* सिर्फ गरम मसाला होल 100 ग्राम मूल कीमत ₹ 167
न्यूनतम 9% छूट
सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166
**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध
उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देश्यों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. •^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु
Impulse/05/25

## खबर संक्षेप

### रमेश अग्रवाल को प्रदेश मंत्री नियुक्ति पर तिल्दा नेवरा में हर्ष



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा के वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश रिंकू अग्रवाल को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। यह नियुक्ति न केवल तिल्दा नेवरा बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात मानी जा रही है। रमेश रिंकू अग्रवाल की सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका और व्यापारिक समुदाय के हितों के लिए निरंतर कार्य ने उन्हें इस पद के लिए योग्य बनाया। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं, नागरिकों, व्यापारियों एवं पत्रकारों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर, मिठाई खिलाकर एवं सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं दीं। भाजपा नेताओं ने इसे संगठन और क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताया है। वहीं अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे व्यापारियों की समस्याओं के समाधान एवं चेंबर को एक मजबूत मंच के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### आज निःशुल्क कैंसर जांच शिविर भिलाई में

**आरंग।** कंपोजिट हास्पीटल सीआरपीएफ कैंप भिलाई में आज को प्रातः 9 से 1 बजे तक कैंसर का निःशुल्क जांच किया जाएगा। जिसमें कैंसर विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम उपस्थित होकर केंसर का जांच करेंगे। साथ ही विश्व कैंसर दिवस पर कार्यशाला भी रखा गया है, जिससे की लोगों में कैंसर के प्रति भय दूर हो तथा जागरूकता बढ़े। वहीं सीआरपीएफ हास्पीटल प्रबंधन ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिविर में उपस्थित होकर कैंसर जांच कराने अपील किए हैं।

### बनरसी मे मानस ज्ञान कार्यक्रम का आयोजन

**आरंग।** ग्राम बनरसी मे हनुमान जयंती के अवसर पर बजरंग चौक वासियों के सहयोग से 2 जून को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कीर्तनकार कामता प्रसाद का मानस ज्ञान कार्यक्रम रखा गया है। पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि रमेश कुमार साहू ने ग्रामीणों से कार्यक्रम मे अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

### मंदिर हसौद सहकारी बैंक में शाखा प्रबंधक ने किया कार्यभार ग्रहण

**आरंग।** जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक रायपुर के अधीनस्थ मंदिर हसौद शाखा में शाखा प्रबंधक के रिक्त पड़े पद पर ज्ञापन सौंप ध्यानाकर्षण के बाद शाखा प्रबंधक की पदस्थापना कर दी गयी है। शाखा प्रबंधक नहीं होने की वजह से प्रतिदिन लगभग 70-80 लाख रुपये का संव्यवहार करने वाले इस बैंक में किसानों सहित अन्य लेन देन करने वालों को आ रही समस्या सहित इस शाखा के अधीन आने वाले 7 सहकारी समितियों के 60 ग्रामों के किसानों को सामयिक खाद-बीज लेन-देन में पर्यवेक्षण न हो पाने की ओर बीते 27 मई को किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने सहकारिता विभाग के पंजीयक कुलदीप शर्मा व जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास को ज्ञापन सौंपकर धनाकर्षण कराया था। शाखा प्रबंधक के रूप में नारायण परगनिहा की पोस्टिंग की गयी है जिन्होंने 29 मई को कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### कौशिल्याधाम में असामाजिक तत्व हावी जनप्रतिनिधियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**आरंग।** भगवान राम के ननिहाल कौशिल्याधाम नगर पंचायत चंदखुरी भी असामाजिक गतिविधियों से अछूता नहीं है। असामाजिक तत्व ग्रामीणों व नगर पंचायत प्रतिनिधियों को चुनौती देते हुये जहां अवैध शराब, गांजा व नशीली गोलियों की बिक्री कर रहे हैं। वहीं जुआ होने की भी शिकायत है। आबकारी व पुलिस प्रशासन के मैदानी अमला के कथित कार्रवाई का इन पर कोई असर नहीं हो। ग्रामीणों के आक्रोश व मांग को देखते हुये नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतीक बैस के अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश डॉ. गौरव कुमार सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह को ज्ञापन सौंपा।

**शिविर : समाधान शिविर जनता के सामने हमारा रिपोर्ट कार्ड**

# मंदिर हसौद समाधान शिविर में हुआ 1832 आवेदनों का त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

मंदिर हसौद में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के तत्वाधान एवं एसडीएम आरंग पुष्पेंद्र शर्मा के निर्देशन में अंबेडकर भवन मंदिर हसौद में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समाधान शिविर के प्रति बड़े संवेदनशील हैं एवं आम जनमानस की समस्याओं के निराकरण एवं जन संवाद के लिए उनका हेलीकॉप्टर किसी भी गांव में उतर जाता है एवं फिर चौपाल एवं पेड़ की छांव में मुख्यमंत्री जन संवाद करते हैं। उन्होंने समस्त शासकीय विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया एवं जनसंवाद करते हुए। कई विभाग जैसे पुलिस प्रशासन, विद्युत विभाग, समाज कल्याण विभाग को निर्देशित भी किया। उन्होंने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान होगा। साथ ही दार्शनिक अंदाज में कहा की समझिए समाधान शिविर जनता के सामने हमारा



रिपोर्ट कार्ड है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, पार्षद गण राकेश मिश्रा, सागर पटेल, मंजू कश्यप, हेमराज बंजारे, संगीता राकेश जायसवाल, प्रताप सिंह ठाकुर, नोहर दास रात्रे, मधुबाला बंजारे, पदमा यादव, एकता मिश्रा, तारिणी पिंटू निर्मलकर, मनोज मिश्रा, सुरेश यादव ,उत्तम साहू निर्देश सिंह, बिंदु बघेल ,पीतांबर सोनवानी ओम प्रकाश यादव सरस्वती दीनू यादव पुलिस देवांगन की उपस्थित रही, साथ है कृषि वैज्ञानिक डॉ विनोद चौधरी, एवं डॉ. मुकेश कुमार पांडे भारतीय अनुसंधान कृषि केंद्र ने कृषि संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर तहसीलदार विनोद शुक्ला एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा पिल्ले ने जानकारी देते हुए कहा कि कुल 1832 आवेदनों पर निराकरण की कार्रवाई की गई।

### शिविर में किसानों, विद्यार्थियों और जरूरतमंदों को मिला लाभ

साथ ही विधायक एवं अतिथियों के माध्यम से हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, ऋण पुस्तिका, ड्राइविंग लाइसेंस, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, किसान क्रेडिट कार्ड, अन्नप्राशन, गोद भराई किट, बीज वितरण, ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, प्रधानमंत्री आवास चाबी वितरण आदि एवं कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के होनहार विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच संचालन शिक्षक अरविंद कुमार वैष्णव एवं भूषण जलक्षत्रि तथा आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा पिल्ले के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति मिश्रा, शिविर नोडल अधिकारी डीके व्यास विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, नायब तहसीलदार नीलम ठाकुर, प्राचार्य प्रेमशिला एक्का, एआर कन्नौजे, संकुल समन्वयक प्रहलाद शर्मा, राजेंद्र देवांगन, एवं उप अभियंता थनेश्वर वर्मा, लेखपाल बेताब साहू, रामू वर्मा मिशन मैनेजर, निहाल साहू, दिनेश साहू,सरोज सारथी सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण एवं नगर वासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## जनता की समस्याओं पर सख्त हुए विधायक गुरु खुशवंत तत्काल समाधान के निर्देश



**आरंग।** आरंग विधानसभा के मंदिर हसौद स्थित रावणभांठा अंबेडकर भवन में आयोजित सुशासन के समाधान शिविर में जनता की समस्याओं को लेकर विशेष गंभीरता देखने को मिली। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विद्युत विभाग की समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया गया, तो मैं स्वयं मुख्यमंत्री से बात कर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल निलंबन की कार्यवाही सुनिश्चित करूंगा। शिविर में ग्रामीणजन बिजली विभाग की शिकायत लेकर आए थे। इस पर विधायक गुरु साहेब ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में फटकार लगाते हुए तत्काल समाधान के निर्देश दिए। विधायक गुरु साहेब ने आयुष्मान भारत कार्ड, श्रमिक कार्ड, सामाजिक पेंशन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लंबित मामलों पर भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि आवेदनों का तत्काल निराकरण करें और यदि आवश्यकता पड़ी तो आज रात 12 बजे तक भी कार्य करना पड़े, तो करें। लेकिन समाधान हो, वरना संबंधित अधिकारी स्वयं जवाबदेह माना जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जनता के प्रति जवाबदेही सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सेजेस खोरपा समर कैंप में बच्चों ने सीखी विविध कलाएं और मिला कौशल प्रमाण पत्र



**अभनपुर।** पीएमश्री सेजेस खोरपा में 16 मई से शुरू 15 दिवसीय समर कैंप का समापन उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष राम सिंग साहू एवं ग्राम सरपंच मीना ध्रुव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समर कैंप में विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया। योग, जुंबा डांस, केरम, चेस, बेसबॉल, मेंहदी, रंगोली, पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, कैमरा एवं वीडियोग्राफी, संगीत, डिजिटल लर्निंग, हेयर स्टाइलिंग, बेकिंग, ग्रीन फेस्ट, स्टेम गतिविधियां और फायरलेस कुकिंग जैसी बहुविध गतिविधियां कैंप का मुख्य आकर्षण रहीं। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने न केवल नई-नई चीजें सीखीं बल्कि अपने कौशल और रचनात्मकता को भी निखारा। शिविर की सफलता में विद्यालय की प्राचार्य सोमा बनिक का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से बच्चों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ सहभागिता की कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रमाण पत्र एवं उपहार वितरित किए गए। समस्त शिक्षक व छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।



## तिल्दा नेवरा में पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों का सम्मान

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान कार्यक्रम सभापति रानी सौरभ जैन ने किया आयोजन।

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के सभापति रानी सौरभ जैन के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र के पत्रकारगण बड़ी संख्या में शामिल हुए जिनका सम्मान किया गया। इसके पूर्व सभापति रानी सौरभ जैन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य है। आज पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों का सम्मान करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह का यह अवसर मुझे मिले और पत्रकारों का परस्पर सहयोग हमेशा बना रहे। भाजपा नेता सौरभ जैन ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर हिंदी पत्रकारिता दिवस की बधाई दी एवं सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। यह वह अवसर है जब काफी लंबे के बाद इस तरह पत्रकारों का सम्मान किया गया। जो कि हमारे लिए गौरव की बात है। इसके लिए सभी पत्रकारों ने रानी सौरभ जैन को बधाई दी। कार्यक्रम में पत्रकारों सहित कुछ भाजपा नेता भी उपस्थित हुए ।

## आरंग में क्रिकेट टूर्नामेंट की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गुरुवार को मिनी स्टेडियम आरंग में आरंग प्रीमियर लीग 2025 प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ एवं क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि आरंग के युवा हमेशा आगे रहते हैं और उनमें टैलेंट कूट-कूट कर भरा है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स टीम के वैभव सूर्यवंशी का जिक्र करते हुए कहा कि समर्पण से निखार आता है और उम्र मायने नहीं रखती उन्होंने प्रदेश सरकार को छत्तीसगढ़ के खेल सम्मान एवं प्रोत्साहन के लिए सदा आगे बताया। इस आयोजन के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोगी पार्षद एवं सभापति पुष्कर साहू की प्रशंसा की । अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की खेल में बढ़िया प्रदर्शन के साथ पढ़ाई भी करते रहे और खिलाड़ी भावना से खेलें। उन्होंने प्रोत्साहन के लिए अनेक प्रकार के राशि व्यवस्था की जानकारी भी दी।



### कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और खेलप्रेमियों की रही उपस्थिति

वहीं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि यह टूर्नामेंट आरंग के होनहार प्रतिभाओं को अवसर प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर पहला मैच जूनियर आरंग इलेवन और लोधी इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें लोधी इलेवन एक रन से विजयी हुई। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव एवं आभार प्रदर्शन करते हुए पुष्कर चंद्रशेखर साहू ने आयोजन की सबको बधाई देते हुए कहा कि आरंग इलेवन क्रिकेट क्लब लगातार इस प्रकार के आयोजन करते आ रहा है तथा प्रत्येक मैच 6-6 ओवर के खेले जाएंगे जबकि सेमीफाइनल एवं फाइनल आठ-आठ ओवरों का होगा तथा अंपायर का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में पार्षदगण नरेंद्र लोधी, संतोष लोधी, उमाकांत यादव, जनपद उपाध्यक्ष रविंद्र रिंकू चंद्राकर, सतनामी समाज प्रवक्ता वेदराम खूंटे, पार्षद प्रतिनिधि गण खिलेश धुरंधर, राकेश सोनकर, वेदप्रकाश देवांगन भाजयूमो, पंकज शुक्ला पूर्व उपा, सुशील जलक्षत्रि पूर्व पार्षद, विनोद साहू , सतीश सोनकर पूर्व पार्षद, आशीष शर्मा, सतीश मानू जलक्षत्रि, टिकेश्वर गिलहरे, नंदकुमार ढीढी, गेंदालाल साहू, संतोष चंद्राकर, शैलेंद्र लोधी, टिकेश्वर लोधी, सूरज साहू एवं समन्वयक हरीश दीवान, नेशनल प्लेयर शिक्षक बालकृष्ण साहू, योगेंद्र चंद्राकर, मो. जफर, राजू सोनवानी राहुल पटेल एवं युवाओं के साथ गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## भीमसेनी एकादशी पर तीन दिनी सस्वर मानस ज्ञान सम्मेलन 5 से

**रायपुर।** वाटर फिल्टर परिसर में स्थित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में भीमसेनी एकदशी के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय अखंड सस्वर मानस ज्ञान सम्मेलन का आयोजन 5 जून से किया जाएगा। उल्लेखनीय है मंदिर में पिछले 30-35 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। इस बार के आयोजन में जिसमें रायपुर, दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव सहित कई शहरों की मंडलियां से भाग लेने की सहमति मिल चुकी है। मंदिर में प्रतिभागी मंडलियों क आवास और भोजन का प्रबंध किया गया है।





मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मोहन लाला साहू और सोमनाथ निषाद ने बताया कि उद्घाटन सत्र के मुख्यअतिथि दूधाधारी मठ के महंत श्रीराम सुंदर दास होंगे। इस अवसर पर छग विस के नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत और श्री शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला के ब्रम्हचारी डा. इंदु भवानंद महाराज होंगे। और समापन सत्र के मुख्यअतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू और महापौर मनील चौबे होंगे। सचिव राजकुमार धीवर, मंदिर के सेवक दीनदयाल साहू और पुजारी घनश्याम दास वैष्णव ने बताया कि शनिवार की शाम पांच बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतिभागी मंडलियों को सम्मान राशि के साथ व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए किशोर साहू, दीनदयाल साहू, रामचंरन पटेल, जयराम सोनकर, तुलसीराम सोनकर सक्रिय हैं।

## तिल्दा नेवरा में पानी की समस्या दूर होगी, शुरू हुआ बोर खनन कार्य

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा में कई प्रमुख स्थानों पर पानी की समस्या थी। जिसमें पीएमश्री शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा एवं अन्य कुछ प्रमुख स्थानों पर पीने के पानी की बहुत ही ज्यादा समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिसकी जानकारी मंत्री टंक राम वर्मा को दी गई। जहां पर मंत्री टंक राम वर्मा ने बोर खनन की स्वीकृति दिलाई और शुक्रवार को इन प्रमुख स्थानों पर बोर खनन किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में नगर



पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा एवं चिकित्सा, स्वास्थ्य शिक्षा विभाग सभापति रानी सौरभ जैन एवं पार्षदों, गणमान्य लोगों के द्वारा पूजा अर्चना की गई व बोर खनन शुरू करवाया गया। बोर खनन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, सभापति रानी सौरभ जैन, डॉक्टर खुमान वर्मा सभापति ईश्वर यदु , राजकुमार गेंड्रे, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, अनुराधा वर्मा, नंदनी खिचरिया, अनिल वर्मा, दुष्यंत सोनी, सोनू पंजवानी, पासवान, दीपक चौथवानी, सुरेश लखवानी, संतोष साहू, सहित बीएमओ उमा पैकरा, डॉ. आशीष सिन्हा सहित गणमान्यजन उपस्थित थे। वहीं सभापति रानी सौरभ जैन द्वारा इसके लिए मंत्री टंक राम वर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए महेन्द्र को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गुरुवार को नवाचारी गतिविधियां समूह भारत द्वारा प्रदेश स्तरीय, नवाचार करने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर डाइट के हनुमान हाल में किया गया।

जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में पदस्थ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल को नवाचारी गतिविधियां समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी व डाइट के प्राचार्य बी एल देवांगन के कर कमलों से शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित



किया। शिक्षक पटेल ने बताया यह संस्था देश भर के अलग-अलग क्षेत्रों में नवाचार कर रहे शिक्षको का समूह है। प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ सहित प्रत्येक राज्यो के विकासखंड स्तर पर नवाचार करने वाले उत्कृष्ट शिक्षको का चयन कर सम्मानित करते हैं। इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ के 200से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं को चयनित कर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षक महेन्द्र को शिक्षा रत्न सम्मान मिलने पर जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरें, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातलीनंदन वर्मा, नवाचारी गतिविधियां समूह सदस्य शिक्षिका शीला गुरु गोस्वामी, शिक्षक अरविंद वैष्णव, सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन, रानी पद्मावती महिला संगठन, कलाकार संगठन, कोसल साहित्य कला मंच, किसान संगठन, सामाजिक जनों सहित पदस्थ संस्था के शिक्षको ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिए हैं।

## धान का समर्थन मूल्य मात्र 69 रु. बढ़ाना ऊंट के मुंह में जीराः शर्मा



**तरपोंगी।** किसान नेता राजू शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा धान के समर्थन मूल्य में मात्र 69 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि किया गया है। उसे ऊंट के मुंह में जीरा के समान बताते हुए राजू शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में प्रति क्विंटल धान की लागत 3 हजार रुपये आ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा किया था कि लागत मूल्य से 50% जोड़कर समर्थन मूल्य घोषित किया जाएगा। इस हिसाब से धान का समर्थन मूल्य 4500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करना चाहिए। किंतु पिछले वर्ष दिए गए समर्थन मूल्य में मात्र 69 रुपये की बढ़ोतरी से बढ़ती हुई महंगाई दर में किसानों के साथ मजाक बन गया है। वैसे भी केंद्र सरकार द्वारा 69 रुपये की बढ़ोतरी से छत्तीसगढ़ के किसानों को कोई लाभ प्राप्त नहीं होगा। जो कि किसानों के साथ अन्याय हैं। चाहे सरकार किसी भी राजनीतिक दल का हो राज्य द्वारा दिए जा रहे राशि में केंद्र सरकार के एमएसपी लाभ लेने का अधिकार छत्तीसगढ़ के किसानों को भी है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202505111800047**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
विषयः- अ-6 अ सन् :-2024-2025
मोहदी ( प.ह.न. 00016),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - श्रीमति अमृत बाई,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अमृत बाई पिता पिताम्बर निवासी रायखेडा तहसील तिल्दा जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में अभिलेख दुरूस्ती बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम मोहदी प.ह.न. 16, तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 230/8 रकबा 0.1700 हे. भूमि पर ऑनलाईन त्रुटिवस भूमि स्वामी का नाम गलत प्रदर्शित हो रहा है। आवेदिका द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने का निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय की नियत तिथि 11/06/2025 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नही किया जावेंगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

SANDEEP SINGH RAJPUT
नायब तहसीलदार :
धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

# आरी डोंगरी के आयरन ओर का 21 सौ रुपए टन में था अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश सरकार की आरी डोंगरी माइंस के आयरन ओर का एक कंपनी के साथ महज 21 सौ रुपए टन में बेचने का अनुबंध करके रखा गया था। इसको बोर्ड ने रद्द कर दिया है। इसके बाद स्टॉक में रखे करीब सवा लाख टन आयरन ओर को केंद्र सरकार के पोर्टल के माध्यम से 45 सौ रुपए टन के हिसाब से खुले बाजार में बेचा गया है।

अब आगे भी इसी तरह से खुले बाजार में ही माइंस के आयरन ओर को बेचने की बात खनिज विकास निगम के नए अध्यक्ष सौरभ सिंह कह रहे हैं। उनका कहना है कि खनन का ठेका तो पहले की तरह ही किसी कंपनी को दिया जाएगा, लेकिन इसके बेचने का अनुबंध नहीं किया जाएगा। इसी के साथ उनका कहना है कि प्रदेश का खनिज विकास निगम कांग्रेस शासन काल के कारण 30 करोड़ के घाटे में है, उसको अब फायदे में लाने की योजना बनाई जा रही है। आरी डोंगरी का आयरन ओर की यह खदान कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर तहसील के कचही गांव के अंतर्गत 167 हेक्टेयर में फैली हुई है। आमतौर पर इसका ठेका दिया जाता है। इसमें दो तरह का ठेका होता है, एक ठेका खनन का होता है और एक ठेका आयरन ओर को बेचने का होता है। छत्तीसगढ़ मिनरल्स डवलपमेंट कारपोरेशन (सीएमडीसी) के माध्यम से खनन का ठेका दिया जाता है।

- रद्द करके ओपन मार्केट में बेचा 45 सौ में
- अब केंद्र सरकार के पोर्टल से माध्यम से ही बेचा जाएगा, नहीं दिया जाएगा ठेका



### अब बेचने का नहीं देंगे ठेका

आरी डोंगरी माइंस के खनन का ठेका देने की प्रक्रिया चल रही है, पर अब आयरन ओर को बेचने का ठेका नहीं दिया जाएगा। इसको केंद्र सरकार के पोर्टल के माध्यम से उसी तरह से बेचा जाएगा जिस तरह से एनएमडीसी और अन्य कंपनियां बेचती हैं।

- **सौरभ सिंह**, अध्यक्ष, खनिज विकास निगम

### आयरन ओर बेचने का अनुबंध कम कीमत में

खनिज विकास निगम के नए अध्यक्ष बनाए गए सौरभ सिंह ने बताया, कांग्रेस शासन काल में आरा डोंगरी के आयरन ओर को एक कांग्रेसी नेता की कंपनी को महज 21 सौ रुपए टन में बेचने का फैसला किया गया था। कांग्रेस नेता की कंपनी को ही इतनी कम कीमत में आयरन ओर बेचा जा रहा था। प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद इसकी जानकारी होने पर बोर्ड की बैठक में फैसला करके पुराने अनुबंध को रद्द कर दिया गया। इसके बाद बचे हुए एक लाख 23 हजार टन आयरन ओर को खुले बाजार में बेचने का फैसला किया गया। इसका यह फायदा हुआ कि जो आयरन ओर महज 21 सौ रुपए टन के हिसाब से दिया जा रहा था, उसकी खुले बाजार में 45 सौ रुपए टन कीमत मिली।

## खबर संक्षेप

### भाजपा के सिंदूर अभियान का कांग्रेस करेगी विरोध



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार किसी सुहागन को सिंदूर देने का अधिकार केवल उसके पति को होता है। एक महिला जब सिंदूर लगाती है, तो यह उसके माथे पर उसके सुहाग का प्रतीक होता है। महिलाएं सिर्फ अपने पति द्वारा दिए सिंदूर को ही लगाती है तथा एक महिला स्वयं भी सिंदूर खरीदती है, तो अपने पति के नाम पर खरीदती है। भाजपा के सिंदूर बांटने के कृत्य से सुहागन स्त्री के स्त्रीत्व और सतीत्व को चुनौती देने का प्रयास है। कांग्रेस भाजपा के इस आचरण का विरोध करती है।

### महारानी अहिल्या बाई होलकर जयंती का आज समापन

रायपुर। महारानी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती कार्यक्रम के समापन समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न वर्गों की महिलाओं और रायपुर शहर जिला अंतर्गत सभी 20 मंडल अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में रायपुर शहर के भाजपा विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, राजेश मूणत के साथ ही शहर जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर और भाजपा के कई नेता उपस्थित रहेंगे।

### डीएपी समितियों में समाप्त किसान लगा रहे चक्कर



रायपुर। डीएपी का स्टॉक समितियों में समाप्त होने के कारण किसान परेशान हो गए हैं। डीएपी की जगह इफको का एनपीके दिया जा रहा है। खरीफ फसल की तैयारी किसान जोर-शोर से कर रहे हैं, सभी सहकारी समितियों में खाद का पर्याप्त भंडारण होने की बात सरकार कह रही है, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। प्रदेश की अधिकांश सहकारी समितियों में डीएपी है ही नहीं, कहीं-कहीं इफको का कम गुणवत्ता का खाद भंडारित किया गया है, वो भी एकाध समिति में। जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने विभिन्न समितियों का जायजा लेकर इस संबंध में किसानों से मुलाकात की और उनकी परेशानी से रूबरू हुए। दसमय पर उपलब्ध नहीं होने पर किसानों की फसल के उत्पादन पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा। जिला अध्यक्ष श्री वर्मा ने मांग की है कि समितियों में तुरंत डीएपी का भंडारण कराया जाए, किसानों को राहत दी जाए, निजी खाद दुकानों की लूट से बचाया जाए, अन्यथा बहुत जल्द किसानों को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान घनश्याम वर्मा, वीर देवांगन, अज्जू खान, रूपचंद धीवर, राहुल भोजवानी, सड्डू समिति के पूर्व अध्यक्ष सेवक पटेल, छत्रपाल धीवर उपस्थित रहे।

## निगम, पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों का होगा विकास

# पांच संभागों में सरकार बनाएगी आदर्श शहर योजनाबद्ध नगरीय विकास करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग राज्य के नगरीय क्षेत्रों, नगर निगम, पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों के संगठित और योजनाबद्ध विकास के लिए आदर्श शहर योजना लेकर आया है। इस योजना के पहले चरण में हर संभाग के तीन नगरीय निकायों को शामिल किया गया है। इसी तरह हर साल कुल पांच संभागों को 15 नगरीय निकाय योजना के तहत बुनियादी ढांचे का विकास कराया जाएगा। योजना विभाग में प्रचलित योजना मदों के अभिसरण द्वारा संचालित होगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए शत-प्रतिशत अनुदान राशि विभाग द्वारा अधोसंरचना 15 वां वित्त आयोग चुंगी क्षतिपूर्ति अन्य मद से खर्च की जाएगी।

आदर्श शहर योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के नगरीय निकायों में योजनाबद्ध शहरी विकास करना, बुनियादी ढाँचे को मजबूत करना और नागरिकों के जीवन गुणवत्ता गुणवत्ता में में सुधार लाना है। योजना के माध्यम से नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति में सुधार लाकर निकायों को




आत्मनिर्भर बनाया जावेगा। वर्तमान में नगरीय निकायों में यातायात बाधा,जाम, अव्यवस्थित परिवहन, अपर्याप्त जल आपूर्ति. शहरी जल भराव, और हरित क्षेत्रों की कमी जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से देखी जाती हैं।

*इस तरह होगा विकास : इस योजना के तहत नगरीय निकायों के बुनियादी ढाँचा विकास करने के लिए ये कदम उठाए जाएंगे। सड़कों का चौड़ीकरण और मरम्मत कार्य। फुटपाथ और पैदल यात्री क्षेत्रों का विकास। 24 घंटे सात दिन जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पाइपलाइन बिछाने का कार्य। शहरी बाढ़ को रोकने के लिए स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण। सामुदायिक पार्क और खेल के मैदानों का विकास। शहरी हरित आवरण बढ़ाने हेतु वृक्षा रोपण अभियान। नगर सीमा के भीतर जल स्रोतों का का पुनर्जीवन। स्मार्ट स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना। शहरी क्षेत्रों में वाई-फकाई हॉटस्पॉट का विकास। सार्वजनिक सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरों की स्थापना।*

### शहरीकरण से बढ़ा है दबाव

दरअसल शहरीकरण की बढ़ती गति के कारण बुनियादी ढाँचों पर दबाव बढ़ रहा है, जिसके समाधान के लिए सड़कों का चौडीकरण, फुटपाथ का निर्माण, 24 घंटे सात दिन जल आपूर्ति, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम, और हरित आवरण का विकास आवश्यक है। इसके साथ ही, स्मार्ट सिटी समाधान जैसे स्मार्ट स्ट्रीट लाइट्स, वाई-फाई हॉटस्पॉट, और सीसीटीवी कैमरों की स्थापना नगरीय निकायों को आधुनिक और सुरक्षित बनाएगी। यह योजना पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों के पुनर्जीवन, सामुदायिक सहभागिता, और समावेशी विकास को प्राथमिकता देकर नगरीय निकायों को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और रहने योग्य शहरों में परिवर्तित करने का प्रयास करेगी। आदर्श शहर योजना न केवल शहरी बुनियादी ढाँचे को सुधारने का माध्यम है, बल्कि प्रदेश के सतत और नागरिक केंद्रित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा ये कहा जा रहा है।

### योजना की मॉनिटरिंग करेंगे कलेक्टर

*आदर्श शहर योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों के मॉनिटरिंग के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जावेगा। समिति द्वारा योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जावेगा। जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर, कार्यपालन अभियंता अनुविभागीय अधिकारी लोक निमार्ण विभाग, कार्यपालन अभियंता अनुविभागीय अधिकारी पीएचई विभाग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पालिका व नगर पंचायत शामिल होंगे।*

# कृषि विश्वविद्यालय को संघ कार्यालय बनाने में जुटा प्रबंधन

- विवि परिसर में एबीवीपी के आयोजन के विरोध में उतरी एनएसयूआई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय बैठक के बीच एनएसयूआई ने आयोजन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एबीवीपी का यह आयोजन कृषि विवि में हो रहा है। एनएसयूआई का आरोप है कि कृषि विवि प्रबंधन द्वारा छात्रहित पर ध्यान ना देकर एबीवीपी और संघ के आयोजनों के लिए विवि कैंपस का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से शिक्षा संस्थानों का संघीकरण तेजी से किया जा रहा है। गांधी कृषि विवि में संस्था विशेष के कार्यक्रम आयोजित कर शैक्षणिक संस्थान को राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विवि को कृषि शिक्षा का केंद्र बनाने की बजाय संघ का कार्यालय बनाने में लगे हुए हैं। राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा, हेमंत पाल, प्रशांत गोस्वामी, हरिओम तिवारी, मेहताब हुसैन, कृणाल सिन्हा, विशाल कुकरेजा, विकास सिंह, वैभव मुजेवर, पुनेश्वर लहरे सहित अन्य कार्यकर्ता भी प्रदर्शन का हिस्सा रहे।

### रविवि के कुलपति भी शामिल

एनएसयूआई ने मांग की है कि राष्ट्रपति तत्काल प्रभाव से ऐसे कुलपतियों को पद से बर्खास्त करें, ताकि राज्य में शिक्षा का गिरता स्तर सुधर सके। एनएसयूआई के अनुसार, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला और महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रवि सक्सेना भी एबीवीपी नेताओं की स्वागत समिति में सक्रिय रूप से शामिल रहे, जो शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत चिंताजनक है। छात्रों के प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात थी। कार्यकर्ताओं से झूमाझटकी भी इस दौरान हुई।

# शहरों में जर्जर भवनों और जिलों में बड़ी नदियों के जलस्तर पर नजर रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में बाढ़ आदि नैसर्गिक विपत्तियों से निपटने के लिए गठित उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

उन्होंने कहा है कि नगरीय क्षेत्रों में जर्जर भवनों की निगरानी लगातार की जाए। इन भवनों में निवासरत लोगों को अन्य सुरक्षित स्थानों पर बसाए जाने की भी व्यवस्था की जाए। ऐसे जिले जहां बड़ी नदियां बहती हैं, वहां पर जल स्तर पर बराबर नजर रखी जाए। जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष तथा निचले जिलों को लगातार देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में बरसात के मौसम में राज्य के जिलों के विभिन्न स्थानों पर बाढ़ आने पर उससे निपटने की तैयारियों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।

बाढ़ के दौरान विभिन्न स्थानों पर राहत शिविरों की व्यवस्था सहित राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाली कार्यवाही एवं तैयारियों के संबंध में व्यापक चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को आगामी मानसून 2025 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए है।



- हर जिले में बनेगा बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ

### जिलों में भी बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ

बैठक में राज्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में माह जून में मानसून सक्रिय होने की संभावना है। इसलिए सभी जिलों में वर्षा की जानकारी संकलित की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की गई है। इसका दूरभाष क्रमांक 0771-2223471 एवं फैक्स क्रमांक 0771-2223472 है। इसके अतिरिक्त बाढ़ नियंत्रण कक्ष से 0771-2221242 दूरभाष पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिला स्तर पर भी बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना की गई है।

### जरूरत के सामान पहले ही जुटाएं

बैठक में बताया गया कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसिन, जीवन रक्षक दवाईयां, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा दलों का गठन सहित अन्य जरूरी सामग्री अभी से संग्रहित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दे दिए गए है। बरसात के दिनों में पेयजल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई एवं वहां पर ब्लिचिंग पावडर की व्यवस्था करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए गए है। इसी प्रकार से ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर ली जाए। जहां प्रतिवर्ष प्रायः बाढ़ आती ही है।

### शामिल हुए ये अफसर

उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, आयुक्त मनरेगा तारण प्रकाश सिन्हा सहित गृह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक निर्माण, वित्त विभाग, जल संसाधन, ऊर्जा, जनसम्पर्क, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, नगरीय प्रशासन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा, रेल्वे, दूरदर्शन, रेडक्रास सोसायटी, मौसम विज्ञान एवं भारत दूरसंचार निगम के अधिकारी शामिल हुए।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस करेगी प्रदेश में आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस युक्तियुक्तकरण के विरोध मे प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। सरकार के इस रोजगार और शिक्षा विरोधी कदम का डट कर विरोध किया जाएगा। उनका कहना है, युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45000 से अधिक



शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए गए हैं। नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद खत्म कर दिए गए हैं।

### खाद बीज का संकट : दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मानसून की अग्रिम दस्तक शुरु हो गई है खरीफ की बुवाई खाद और बीज की कमी के कारण प्रभावित हो रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रही है। प्रदेश में खाद और बीज की समुचित व्यवस्था यह सरकार नहीं कर पाई है। प्रदेश के ज्यादातर सोसाइटी में किसानों को डीएपी की कमी से जूझना पड़ रहा है, ज्यादातर स्थानों पर बोनी और थरहा के लिए बीज भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते किसान परेशान हैं।




# नई विधानसभा में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा लगे : डॉ. महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को पत्र लिखकर नवीन विधानसभा नया रायपुर में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाये जाने को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि प्रदेश के सर्वोच्च सदन नवीन विधानसभा परिसर में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जिस स्पष्टता, दूरदृष्टि और सामाजिक न्याय की भावना के साथ संविधान को आकार दिया, वह किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए एक आदर्श है, जिसका अनुसरण करना हम सभी का दायित्व है।

### मैंने विधानसभा में की थी घोषणा

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि मेरे कार्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में मैंने भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा प्रस्तावित नवीन विधानसभा परिसर में स्थापित करने की घोषणा की थी। यह ज्ञात हुआ कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवंबर 2025 को नवनिर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने के लिए सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है। मेरा दृढ़ मत है कि यह अवसर भारत रत्न बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए उपयुक्त समय होगा, जो छत्तीसगढ़ और भारत के अनुसूचित जाति समुदाय के लिए बड़ा सम्मान होगा। यह महान नेता के योगदान को स्मरण करने के लिए भी व्यापक जनहित में होगा।











## खबर संक्षेप

### चरामेति विकलांग सेवा दी व्हीलचेयर और दवाएं



रायपुर। चरामेति फाउंडेशन द्वारा स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से ग्रस्त प्रदीप पाल को व्हीलचेयर एवं बैंडेज मटेरियल सर्जिकल स्पिरिट समेत चिकित्सा सामग्री प्रदान की गई। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर इस परिवार को रमेश राव, जितेंद्र दामा, डॉ. मृणालिका ओझा, डॉ. होमेंद्र कुमार साहू, वीरेंद्र, भीम, घनश्याम सराठे, वीके महालय, नीलेश अग्रवाल, पिंटूराम साहू आदि के सहयोग एवं उपस्थिति में उक्त सामग्री प्रदान की गई।

## निधन

### राजकुमार यदु



रायपुर। चूनाभट्ठी निवासी राजकुमार यदु (49) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर श्मशान घाट में किया गया। वे मधु बाई यदु का पुत्र, शिव यदु और पत्रकार श्रवण यदु के बड़े भाई थे।

### बृज बाई शर्मा

रायपुर। शिव चौक रामसागर पारा निवासी बृज बाई शर्मा (92) का 30 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 मई को सुबह 10.30 बजे गृह निवास से निकाली जाएगी। वे जिला संयोजक अधिकारी-कर्मचारी महासंघ दीपक शर्मा, शेखर शर्मा, अनीता पांडे की माता एवं कर्नल मयंक शर्मा, सजल शर्मा, साहिल शर्मा की दादी थीं।

# तलाक बगैर दूसरा विवाह, नगर पालिका अधिकारी और सहायक शिक्षक को निलंबित करने आयोग करेगा अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पत्नी को तलाक दिए बगैर दूसरी महिला से विवाह करने तथा पहली पत्नी और उसके बच्चों के लिए भरण-पोषण नहीं देने के दो अलग-अलग प्रकरण में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने शासकीय नौकरी में पदस्थ अनावेदकों को निलंबित करने के लिए जांजगीर कलेक्टर को अनुशंसा पत्र भेजेगा। जिन शासकीय सेवकों के विरुद्ध अनुशंसा की जाएगी, उनमें एक नगर पंचायत का मुख्य नगर पालिका अधिकारी है तथा दूसरा सहायक शिक्षक है।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पहली पत्नी के तीन बच्चे

महिला आयोग में जांजगीर जिले की रहने वाली एक महिला ने शिकायत की थी कि उसका पति जो नगर पंचायत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी है, ने उससे तलाक लिए बगैर दूसरा विवाह कर लिया है। उसका पति पिछले 15 साल से उससे अलग रह रहा है। अनावेदक को पहली पत्नी से तीन बच्चे हैं, जिनकी उम्र 41, 40 एवं 38 वर्ष है, वहीं दूसरी महिला से भी दो बच्चे हैं, जिनकी आयु 16 एवं 3 वर्ष है। इस प्रकरण में सुनवाई के दौरान आवेदिका ने बताया कि जब से उसका पति अलग रह रहा है, उसने उसके और बच्चों के भरण- पोषण के लिए कोई राशि नहीं दी है। अनावेदक ने जिस महिला से दूसरा विवाह किया है, वह उम्र में उससे बहुत छोटी है। आयोग की समझाइश के बाद भी अनावेदक अपनी पहली पत्नी व बच्चों को भरण-पोषण देने को तैयार नहीं है। इसे देखते हुए आयोग ने फैसला लिया है कि जांजगीर जिला कलेक्टर को अनावेदक को निलंबित करने तथा उसके रिटायरमेंट के बाद की प्रक्रिया पर रोक लगाने अनुशंसा करेगा।




छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर की सुनवाई

## सहायक शिक्षक ने चूड़ीप्रथा से कर लिया दूसरा विवाह

आयोग में एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने शिकायत कर बताया कि अनावेदक (पति) ने बिना तलाक लिए दूसरी महिला से चूड़ी प्रथा से विवाह कर लिया है, जिससे उसकी एक 7 वर्षीय पुत्री भी है। अनावेदक वर्तमान में सहायक शिक्षक (एलबी) के पद पर पदस्थ है। उसने दूसरी महिला से 2017 में विवाह किया है, जबकि पहली पत्नी से अब तक वैधानिक रूप से तलाक नहीं लिया है। शासकीय सेवक होते हुए भी सिविल सर्विस रूल्स का उल्लंघन करने पर आयोग ने उसके निलंबन को लेकर भी जांजगीर कलेक्टर को अनुशंसा पत्र भेजने का निर्णय लिया है। आयोग ने अनुशंसा पत्र के जरिए 15 दिन के भीतर दोनों अनावेदकों को निलंबित करते हुए इस मामले की जांच कर आयोग में रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है, ताकि प्रकरण का निराकरण किया जा सके।

# केबल कंपनियां हुईं बेलगाम

## बगैर अनुमति सड़कों की खुदाई कर मिट्टी डालकर छोड़ रहीं, पाइप लाइन भी हो रही डैमेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में मोबाइल केबल कंपनियां बेलगाम हो चुकी हैं। ये कंपनियां अब मनमाने तरीके से शहर में कहीं भी पुरानी हो या एक दिन पहले बनी नई सड़क, वहां खुदाई कर अपना केबल बिछाने का काम कर रही हैं। ताज्जुब तो इस बात का है कि केबल कंपनियों द्वारा शहर में सड़क की खुदाई और केबल बिछाने के लिए नगर निगम प्रशासन से अनुमति तक नहीं ली गई है। बगैर अनुमति के अवैध रूप से चल रहे इस काम को रोकने के लिए नगर निगम ने अब तक कोई पहल भी नहीं की है, जिससे मोबाइल कंपनियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि खुदाई करने के बाद सड़कों पर हुए गड्ढों की मरम्मत तक नहीं कराई जा रही है। खुदाई के दौरान निकलने वाली मिट्टी को ही गड्ढों में डालकर छोड़ दिया जा रहा है, जिससे सड़क मिट्टी के ढेर में तब्दील हो रही है। इसके कारण सड़क का उपयोग ही नहीं हो पा रहा है। वाहन सवार के साथ पैदल यात्रियों को भी मिट्टी के ढेरयुक्त सड़क से बचकर आवागमन करना पड़ रहा है।

### खुदाई से पेयजल पाइप लाइन भी हो रही क्षतिग्रस्त

विभिन्न मोबाइल कंपनियां एक ओर जहां बगैर अनुमति लिए सड़कों की खुदाई कर केबल बिछाने का कार्य कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर खुदाई के दौरान लापरवाही भी बरती जा रही है, जिससे निगम की पेयजल पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो रही है। न्यू राजेंद्रनगर थाना के पीछे की सड़क पर केबल कंपनियों द्वारा की गई खुदाई के कारण तीन जगह पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इन तीनों पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण कई दिनों तक क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को पानी की एक -एक बूंद के लिए परेशान होना पड़ा, वहीं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सुधारने का काम भी कंपनी द्वारा नहीं कराया गया, बल्कि इसे निगम को करना पड़ा।



**केस : 1**
न्यू राजेंद्रनगर थाना के पीछे साईं मंदिर जाने वाली सड़क का महीनेभर ही डामरीकरण का कार्य किया गया था। इस सड़क को फिर किसी केबल कंपनी ने खोदकर जर्जर बना दिया है। बारिश होते ही सड़क पर पैदल चलना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है, वहीं कीचड़ होने से वाहन भी स्लिप होकर दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना है।

**केस : 2**
ईदगाहभाठा सारथी चौक के पास भी किसी केबल कंपनी के लोगों ने सड़क की खुदाई कर मिट्टी से पाटकर छोड़ दिया है। बारिश में इस सड़क पर आवागमन करने वाले लोग परेशान होंगे।

**केस : 3**
लीली चौक पुरानी बस्ती के पास भी इसी प्रकार सड़क को खोदकर मिट्टी से पाटकर छोड़ दिया गया है।

**केस : 4**
सदरबाजार इलाके में भी सड़क की खुदाई करने के बाद मिट्टी से पाटकर छोड़ दिया गया है।

### चेक कराता हूं कार्रवाई करेंगे

बगैर अनुमति के अगर कहीं मोबाइल कंपनियों ने केबल बिछाने सड़क की खुदाई की है या की जा रही है, तो इसे चेक कराता हूं। शिकायत सही पाई जाएगी, तो जिम्मेदार कंपनियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

**- विश्वदीप**, कमिश्नर निगम रायपुर

### जोन कमिश्नर को करनी चाहिए कार्रवाई

अगर किसी जोन क्षेत्र में बिना अनुमति लिए सड़क की खुदाई की जा रही है और उससे पेयजल पाइप लाइन को क्षति पहुंची है, तो इस मामले में जोन कमिश्नर को कार्रवाई करनी चाहिए। कार्रवाई के लिए जोन कमिश्नर सक्षम अधिकारी है।

**- मीनल चौबे**, महापौर, निगम रायपुर

### बदलना पड़ा पाइप, निगम को नुकसान

क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सुधारने के लिए निगम को यहां दो दिनों तक मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान पाइप को भी बदलना पड़ा, जिससे निगम को नुकसान हुआ है। इस नुकसान की भरपाई के लिए निगम ने जिम्मेदारों ने मोबाइल कंपनी को नोटिस तक नहीं भेजा है।

### बारिश में बढ़ेगी लोगों की परेशानी


बारिश का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में शहर में मोबाइल कंपनियों की मनमानी और अवैध रूप से बिछाए जा रहे केबल के कारण जगह-जगह सड़क की खुदाई कर गड्ढों को मिट्टी से पाटकर छोड़ दिया गया है। बारिश में यह मिट्टी बहकर सड़क पर आकर कीचड़ का रूप ले लेगी, वहीं सड़क भी गड्ढों में तब्दील हो जाएगी, जिसके कारण लोग परेशान होने के साथ दुर्घटना का भी शिकार होंगे।

**अगले चार दिनों तक सिमटेगा वर्षा का दायरा तापमान भी बढ़ेगा**

# मानसून को दंतेवाड़ा पहुंचाकर गुम हुआ सिस्टम आगे बढ़ने करना होगा सप्ताहभर इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सोलह दिन पहले मानसून को दंतेवाड़ा तक पहुंचाने वाला सिस्टम आगे बढ़कर कमजोर हो गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून को गति देने के लिए नए सिस्टम का इंतजार करना पड़ेगा। अगले चार दिनों तक प्रदेश में बारिश का दायरा भी सिस्टम के साथ ही सिमटेगा तथा तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। वातावरण में मौजूद नमी की वजह से परेशानी भी दोगुनी होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बने ताकतवर सिस्टम की वजह से लगातार हो रही बारिश और बादलों के प्रभाव को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा केरल के बाद मानसून को समय से काफी पहले दंतेवाड़ा तक पहुंचने की घोषणा की गई थी। इस दौरान सिस्टम की प्रबलता के कारण एक-दो दिनों में इसके राज्य के कुछ और हिस्सों में पहुंचने का अनुमान था। सिस्टम बंगाल की खाड़ी में बढ़ते हुए ताकतवर होने के बाद तेजी से कमजोर हो गया, जिससे मानसून की रफ्तार थम गई। तर्क दिया जा रहा है कि इसके आगे बढ़ने के लिए हवा की दिशा में बदलाव होने या फिर नया सिस्टम बनने की आवश्यकता होगी। इसके लिए सप्ताहभर का वक्त भी लग सकता है। मौसम विभाग द्वारा अगले तीन चार दिनों तक अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। चूंकि अभी वातावरण में पर्याप्त मात्रा में नमी है, जिसकी वजह से उमस की बेचैनी और बढ़ने की संभावना है।




### पिछली बार बीजापुर तक

पिछले साल मानसून की दस्तक बीजापुर में हुई थी और पर्याप्त सिस्टम नहीं मिलने की वजह से उसके जगदलपुर आने में काफी वक्त लगा गया। आठ से दस दिन बाद बारिश की गतिविधि बढ़ने पर 15-16 जून को पूरे बस्तर समेत राज्य में मानसून सक्रिय होने की घोषणा की गई थी। इस बार मानसून बीजापुर के दंतेवाड़ा में सिमट गया, इसके पूरे प्रदेश में सक्रिय होने के लिए कुछ वक्त लगने की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है।

### चार डिग्री तक बढ़ेगा पारा

प्रदेश में नवतपा की शुरुआत बारिश के साथ हुई थी, मगर इसकी समाप्ति उमसभरी गर्मी के साथ होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में हल्की-फुल्की बारिश हो सकती है, मगर घनघोर वर्षा की संभावना नहीं है। शुक्रवार को रायपुर का पारा 37.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सामान्य से चार डिग्री कम टेंप्रेचर के बाद भी 75 फीसदी नमी के कारण उमस से लोगों को परेशान किया।

**घटना के दूसरे दिन जांच अधिकारी मौके पर जांच करने पहुंचा**
**खरोरा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व बुजुर्ग की हत्या का मामला**

# पुलिस की कमजोर विवेचना, हत्या के आठ आरोपी कोर्ट से बाइज्जत बरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खरोरा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व जमीन विवाद के कारण हत्या के एक मामले में पुलिस की कमजोर विवेचना के चलते कोर्ट ने आठ आरोपियों को रिहा कर दिया। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई है।

हत्या जैसी गंभीर वारदात में जांच अधिकारी घटना स्थल की जांच करने दूसरे दिन वहां पहुंचा था। खरोरा से सटे नरहरी रोड स्थित कमल वर्मा के फार्म हाउस के पास 13 अगस्त 2024 को मोहन नशीने की हत्या के आरोप में पुलिस ने कुलदीप सहित मनोज कुमार यादव, अरुण उर्फ गोलू पाल, सुनील उर्फ करण वर्मा, शिवनारायण मरकाम, कमलेश उर्फ छोटू वर्मा, रामजी उर्फ छोटू धीवर, राजू उर्फ रविंद्र धीवर, कुलदीप उर्फ दीपक वर्मा को गिरफ्तार किया था। पुलिस जांच में यह बात सामने आई थी कि मोहन नशीने के खेत से सटी कुलदीप के पिता कमल की कृषि भूमि है। मोहन पर उसकी खेती जमीन बेचने कमल पर दबाव बनाने का आरोप था। इसी बात को लेकर कुलदीप तथा अन्य पर मोहन के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### कमजोर विवेचना का मिला लाभ

मामले के जांच अधिकारी ने कोर्ट में बयान दर्ज कराते हुए जानकारी दी कि उन्हें मोहन के पोते गौरव नशीने ने रात 9.20 बजे घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने के दूसरे दिन 14 अगस्त को जांच करने घटना स्थल पहुंचा। मोहन को उसके परिजन बेहोशी की हालत में उपचार कराने अस्पताल लेकर गए थे। पीएम रिपोर्ट में मोहन की ब्रेन हेमरेज से मौत होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने मोहन की हत्या को लेकर जिन लोगों को आरोपी बनाया था, पुलिस उन लोगों के खिलाफ कोर्ट में आरोप सिद्ध करने पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर पाई, जिसके कारण सभी को कोर्ट ने रिहा करने का आदेश दिया।

**कोर्ट की टिप्पणी- साबित नहीं कर पाए हत्यात्मक प्रवृत्ति की चोट**

इस पूरे मामले में कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष हत्या के मामले में हत्यात्मक प्रवृत्ति की चोट कोर्ट में साबित नहीं कर पाया। साथ ही आरोपियों का अपराध साबित करने पुलिस कोई ठोस साक्ष्य साबित नहीं कर पाई। इस कारण से कोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

दिनांक 29/05/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलदेव प्रसाद नवरंगे पिता रमेशर नवरंगे निवासी रायपुर की ग्राम साकरा प.ह.नं. 24 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 229/2, 231/2 रकबा 0.0320, 0.0160 का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक ण/तह./2025 आदेश दिनांक 08.05.2025 के परिपालन में दिनांक 25.06.2025 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 24 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं । बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा ।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-19 (धनेली)**

---

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202505114300024/178
वर्ष 2024-25
नवीनीकरण अ-20(1)
पेशी दिनॉक 17/06/2025

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोइंनुद्दीन कुरैशी पिता रशीदुद्दीन कुरैशी निवासी बैरन बाजार रायपुर (छ.ग.) के द्वारा इस आशय से आवेदन पेश किया है कि मौजा बैरनबाजार रायपुर स्थित ब्लाक नंबर 110 भूखण्ड क्रमांक 37/2 रकबा 958 वर्गफीट भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है पट्टे की अवधि समाप्त हो चुकी है। जिसके नवीनीकरण हेतु आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ दस्तावेज संलग्न कर प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 17/06/2025 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 29/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती भारती जैन, पति-श्री अरविंद जैन, निवासी- लीली चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. के नाम, स्वामित्व व आधिपत्य की नाम स्वामित्व एवं आधिपत्य का मय मकान ब्राम्हण पारा प.ह.नं. 106-अ/62 रा.नि.मं. रायपुर 12, वार्ड क्रमांक 44 ब्राम्हण पारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित आबादी भूमि खसरा नंबर 946 का भाग रकबा 562 वर्गफुट में कच्चा कवेलुकोश मकान निर्मित है जिसका मकान नं 44/RPR758C001140 है को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशि भी प्रदान कर दिया है अब उक्त भूमि की मात्र रजिस्ट्री की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार, शासकीय अर्धशासकीय विभाग , वित्तीय निकाय, आम जनता इत्यादि को उक्त संव्यवहार के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो मेरी इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के मेरे समक्ष नीचे लिखे पते पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा समय अवसान पश्चात की गई आपत्ति शून्य व औचित्यहीन होगी, तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग. दिनांक 30-5-2025

**(ए.के.सेन) अधिवक्ता,**
**ईशा किचन के सामने, ब्राहम्ण पारा, आजाद चौंक, रायपुर,**
**मोबा. 9826153106**

---

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी रायपुर छ.ग.**

**// शपथ पत्र //**

मैं अदिति उम्र 30 वर्ष पिता श्री बिरेन्द्र कुमार, निवासी 2077/31 बीटीआई ग्राउंड के पास बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. 492001 जो कि शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करती हूं कि :-

1. यह कि उपरोक्तानुसार मेरा नाम एवं पता सत्य एवं सही है ।
2. यह कि मेरा वास्तविक नाम अदिति शर्मा पिता- बिरेन्द्र कुमार है जो कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 6431 2989 5458 है ।
3. यह कि पूर्व मे मेरा नाम पायल कर्मकार पिता - बिरेन्द्र कर्मकार था जो कि मेरे कक्षा बारहवी की अंकसूची में दर्ज है जिसे मैंने पूर्व नियमानुसार वार्ड पार्षद की अनुमति से आवश्यक दस्तावेज से अदिति शर्मा पिता- बिरेन्द्र कुमार नाम परितर्वन करवा लिया था।
4. यह कि अब वर्तमान में अब अपना नाम अदिति शर्मा पिता बिरेन्द्र कुमार से अदिति पिता- बिरेन्द्र कर्मकार में परिवर्तन करवाना चाहती हूँ जिसमे मुझे संबंधित विभाग की समस्त नियम एवं शर्ते मान्य है।
5. यह कि मैं अपने उक्त नाम को परिवर्तन कर नया नाम अदिति दर्ज करवाना चाहती हूँ।
6. यह कि मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम नया नाम अदिति दर्ज करवाना चाहती हूं जिसमें मुझे विभाग की समस्त नियम एवं शर्तें मान्य हैं।
7. यह कि भविष्य में उपरोक्त नाम के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई वाद विवाद या दावा आपत्ति होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी ।
8. यह कि उक्त नाम के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ता- अदिति**

**// सत्यापन //**

मैं अदिति उम्र 30 वर्ष पिता श्री बिरेन्द्र कुमार, निवासी 2077/31 बीटीआई ग्राउंड के पास बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. 492001 यह सत्यापित करती हूँ कि, इस शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 08 तक में वर्णित समस्त कथन सत्य एवं सही है, अतः आज दिनॉंक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ ।

स्थान :- रायपुर छ.ग.
दिनांक :- 30.05.2025 **शपथकर्ता- अदिति**

---

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला- महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ Q/ तह. / वाचक / 2025
बागबाहरा, दिनांक 29.05.2025
रा.मा.क्र. ........ अ/19, वर्ष 2024-25
ग्राम हरनादादर, प.ह.नं. 23, रानिमं, तेन्दूकोना, तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम हरनादादर तहसील बागबाहरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कार्यालय जमशेद टाटा जी रोड मुंबई द्वारा कलेक्टर महोदय जिला महासमुन्द (छ.ग.) के समक्ष ग्राम हरनादादर, प.ह.न. 23 तहसील बागबाहरा स्थित भूमि ख.न. 181 रकबा 0.6400 हे. में से रकबा 0.202 हे. को हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कार्यालय जमशेद टाटा जी रोड मुंबई के नाम पर नियमानुसार आबंटित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बागबाहरा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति/दावा/आवेदन पत्र दिनांक 12.06.2025 को न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात आपत्ति/दावा/आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार बागबाहरा**

---

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित स्वतंत्र भवन एल.आई.जी. 278, को श्रीमती रेखा भारद्वाज पति श्री नारायण प्रसाद भारद्वाज के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है । आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 29.01.2025 को लीजडीड (पट्टा- विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती रेखा भारद्वाज पति श्री नारायण प्रसाद भारद्वाज, निवासीः- बासबिनौरी पोस्ट सोनार देवरी, तहसील पलारी जिला बलौदा बाजार (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती उपासना यादव पति श्री तोमेश्वर यादव, निवासीः- सांई मंदिर के पास, यादव पारा, डंगनिया थाना डी.डी. नगर जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित स्वतंत्र भवन एल.आई.जी. 278, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल - 18, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग.**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांकः- 22/05/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- दतरेंगा प.ह.न.-84 रा.नि.मं- रायपुर-18 तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में आवेदक **श्री सतिन्द्र कोहली वगैरह पिता अमरनाथ कोहली निवासी फाफाडीह रायपुर छ.ग.** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 242/1, 252/2, 253/1, 255/1, 255/2, 255/3, 255/4, 255/5, 256/1, 261/3 कुल रकबा 4.1300 हे.** का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. - / क / वाचक /तहसीलदार /2025 रायपुर दिनांक 09/05/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- **12/06/2025** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रा.नि.म. रायपुर-18**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल - 18, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग.**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांकः- 22/05/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- दतरेंगा प.ह.न.-84 रा.नि.मं - रायपुर - 18 तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में आवेदक **श्री सत्येन्द्र नाथ पिता अमरनाथ कोहली निवासी दतरेंगा रायपुर छ.ग.** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 552/3, 553/2, 273/1, 273/2, 273/3, 275/1, 275/2, 275/3, 276 कुल रकबा 4.091 हे.** का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.-/ क / वाचक/ तहसीलदार/ 2025 रायपुर दिनांक 09/05/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- **12/06/2025** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रा.नि.म. रायपुर-18**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल - 18, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग.**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांकः- 22/05/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- दतरेंगा प.ह.न.-84 रा.नि.मं - रायपुर - 18 तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में आवेदक **गुंजन कोहली पिता सतीन्द्र कोहली निवासी दतरेंगा रायपुर छ.ग.** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 256/2, 257/2, 257/4 कुल रकबा 0.0842 हे.** का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.-/ क / वाचक/ तहसीलदार/ 2025 रायपुर दिनांक 09/05/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- **12/06/2025** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रा.नि.म. रायपुर-18**

---

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित स्वतंत्र भवन ई.डब्ल्यु. एस. टाईप- 1/134, को श्री नरोत्तम साहू पिता श्री लक्ष्मण साहू के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 18.01.2017 को लीजडीड (पट्टा- विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री नरोत्तम साहू पिता श्री लक्ष्मण साहू, निवासीः- ग्राम राखी पोस्ट भाठागांव तह. कुरुद जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती सोहद्रा रात्रे पति श्री उज्वल रात्रे, निवासीः- ग्राम बोडरा पोस्ट रसनी तह. आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित स्वतंत्र भवन ई.डब्ल्यु. एस. टाईप- 1/134, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेजं अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

---

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्थित जुनियर एम.आई.जी. टाईप- II /78, को श्री पी. एस. आर. मुर्ति एवं श्रीमती पी. राम लक्ष्मी के नाम से स्ववित्तीय आधार (स्थिर मूल्य) पर आबंटित किया गया है । आबंटी द्वारा उक्त भवनं के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 24.06.2016 को. लीजडीड (पट्टा- विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती पी. राम लक्ष्मी पति श्री पी. एस. आर. मुर्ति की मृत्यु दिनांक 04.08.2020 को हो गया है। श्री पी. एस. आर. मुर्ति पिता श्री श्रीरामचन्द्र मुर्ति पुल्लेला द्वारा अपने पत्नि के मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतारण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत एकल नाम से किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित भवन जुनियर एम.आई.जी. टाईप - II/78, के एकल नाम करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**









## खबर संक्षेप

### उपाध्याय ने खड़गे और राहुल से की मुलाकात



**रायपुर।** असम प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रभारी महामंत्री केसी वेणुगोपाल, असम प्रदेश के प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह से मुलाकात की। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष गौरव गोगोई सहित असम प्रदेश के स्पेशल ऑब्जर्वर विकास उपाध्याय मौजूद रहे। श्री उपाध्याय ने बताया कि इस बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष गौरव गोगई एवं कार्यकारी अध्यक्ष जाकिर हुसैन सिकदार, रोसलीना तिर्के एवं प्रदीप सरकार के साथ असम प्रदेश के स्पेशल ऑब्जर्वर विकास उपाध्याय सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पुरंदर ने किया 75 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**रायपुर।** देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम रायपुर के जोन-2 अंतर्गत वार्ड 35 हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा ने 75 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित नाली निर्माण योजना का भूमिपूजन किया। इसकी अनुशंसा स्थानीय वार्ड पार्षद शेख मुशिद ने की थी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम अधिकारी आरके डोंगरे समेत पार्षद एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्रमुख दवा कंपनियों के डिपो दूसरे राज्यों में हो रहे स्थानांतरित, बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आने वाले दिनों में प्रदेश में जीवन रक्षक दवाओं की भारी किल्लत हो सकती है। दवा कारोबारी संगठन ने एफडीए नियंत्रक के सामने दवा कंपनियों के डिपो के दूसरे राज्यों में स्थानांतरित होने पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि पिछले दो साल में चार बड़ी दवा कंपनियां छत्तीसगढ़ से पलायन कर चुकी हैं और पांचवे की तैयारी की जा रही है। दवा कंपनियों का डिपो दूसरे राज्यों में जाने के बाद दवा आपूर्ति में देर के साथ ट्रांसपोर्टेशन लागत में भी बढ़ोतरी होने की संभावना है। रायपुर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनायक कृपलानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अश्विनी विग एवं सचिव संजय रावत ने बताया कि प्रमुख औषधि कंपनी द्वारा अपनी कैरिंग एंड फॉरवर्डिंग (सीएंडएफ) यूनिट को दुर्ग से भिवंडी महाराष्ट्र शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है, जो भविष्य में जरूरी दवाओं की आपूर्ति का कारण बन सकती है। उन्होंने बताया कि पिछले दो साल में कुछ बड़ी प्रमुख दवा कंपनियों ने भी इसी तरह छत्तीसगढ़ से पलायन किया था। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से अपना डिपो उठाकर उन्होंने नागपुर, इंदौर, भुवनेश्वर, मुंबई जैसे शहरों में जाकर स्थापित कर लिया था। दवा कंपनियों के दूसरे राज्यों में जाने की वजह से यहां दवा की सप्लाई अनियमित हो जाती है। तर्क दिया गया है कि प्रदेश में दवा का डिपो होने पर कारोबारी आवश्यकता के अनुसार छोटी मात्रा में दवा का आर्डर दे सकते हैं, मगर दूसरे राज्यों में इसकी शिफ्टिंग होने के बाद दवा कंपनियां बड़ा आर्डर ही स्वीकार करेंगी, जिससे दवा सप्लाई की व्यवस्था बाधित होगी। दवा कंपनियों का डिपो हटने की वजह से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों की कटौती होगी। इसके अलावा दवा कंपनियों के माध्यम से शासन को मिलने वाले राजस्व पर भी इसका असर पड़ेगा।

## प्रदेश में हो जाएगी जीवन रक्षक दवाओं की भारी किल्लत...



### बड़े अस्पताल आ रहे

रायपुर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तर्क दिया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़, विशेषकर रायपुर, भारत के अग्रणी स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। देश के अनेक प्रमुख अस्पताल एवं स्वास्थ्य संस्थान अपनी इकाइयां यहां स्थापित कर रहे हैं। इस परिप्रेक्ष्य में दवाइयों की स्थानीय उपलब्धता और समयबद्ध आपूर्ति अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीएंडएफ यूनिट्स के अन्य राज्यों में स्थानांतरण से गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

## पुलिस में शिकायत 11 लाख की, बरामदगी होने पर कीमत हुई 21 लाख

# लाखों के आईफोन चोरी का आरोपी निकला ट्रांसपोर्ट कारोबारी का बेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन स्थित रिलायंस डिजिटल स्टोर में 17 आईफोन चोरी के आरोप में पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कारोबारी के बेटा को गिरफ्तार किया है। चोरी करने युवक अपने ही पिता की एक्टिवा लेकर रिलायंस स्टोर में पहुंचा था। मंगलवार को घर के बाहर खड़ी एक्टिवा नहीं मिलने पर युवक के पिता ने थाने में दोपहिया चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी।

आईफोन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चौबे कालोनी निवासी संजय दीक्षित को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी के आईफोन गिरवी रखने के आरोप में कारोबारी अमित अग्रवाल, संजय के दोस्त निखिल गर्ग, ओला कैब ड्राइवर चंदन वर्मा तथा मोबाइल कारोबारी आशीष लखवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार संजय बचपन से बदमाश प्रवृत्ति का है। इसके चलते उसने 12वीं तक पढ़ाई करने के बाद आगे की पढ़ाई नहीं की। थाने में आईफोन चोरी की रिपोर्ट में कीमत 11 लाख रुपए लिखाई गई है, बरामदगी के बाद पुलिस ने आईफोन की कीमत 21 लाख होने का उल्लेख किया है।



### पैसों के लालच में की चोरी

संजय को उसके परिजन जेब खर्च के लिए पर्याप्त पैसे देते हैं। बावजूद इसके उसने ज्यादा पैसों के लालच में चोरी की। संजय संपन्न परिवार का है, इस वजह से उसने जिन लोगों के पास पैसों की जरूरत होने की बात कह कर चोरी के आईफोन गिरवी रखने के साथ औने-पौने दाम में बेचा, वे सभी संजय के झांसे में आ गए।

### सीसीटीवी पड़ताल में हुआ खुलासा

आईफोन चोरी की घटना के दूसरे दिन ही पुलिस ने संजय को ट्रेस कर लिया था, लेकिन बरमादगी नहीं हुई थी। जिस दिन संजय के पिता ने अपनी दोपहिया चोरी होने की थाने में रिपार्ट दर्ज कराई थी, आईफोन चोरी की घटना के बाद पुलिस ने संजय के पिता के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की, तो पुलिस को जानकारी मिली कि संजय घर में किसी को बताए बगैर एक्टिवा ले गया। उसी एक्टिवा से संजय आईफोन चोरी करने रिलायंस डिजिटल पहुंचा था। चोरी करने के बाद हड़बड़ी में एक्टिवा की चाबी रिलायंस डिजिटल में गिर गई थी। इसके बाद संजय वह एक्टिवा लावारिश हालत में घटना स्थल के पास छोड़कर फरार हो गया।

# एक साल में बनाए 60 लाख सदस्य छात्रों को उनकी रुचि अनुसार देंगे मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक के दूसरे दिन सदस्यता अभियान सहित अन्य कई मुद्दों पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अनुसार, एबीवीपी द्वारा पिछले वर्ष लगभग 60 लाख सदस्य जोड़े गए हैं। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए आगामी दिशा, कार्यनीतियों और कार्यक्रमों पर गहन चिंतन-मंथन किया गया। बैठक में संगठन के इकाई स्तर से लेकर प्रांत व राष्ट्रीय स्तर तक की गतिविधियों, सदस्यता अभियानों एवं छात्र हितैषी कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ संगठनात्मक संरचना को और अधिक प्रभावशाली बनाने, परिषद के आयामों को नए संदर्भों में विकसित करने तथा भारतीय मूल्य-आधारित शिक्षा एवं छात्र चेतना को आगे बढ़ाने के लिए ठोस रणनीतियां तैयार की गईं। अप्रैल माह में गुजरात के द्वारका में संपन्न विचार बैठक के बिंदुओं पर भी चिंतन हुआ। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही ने कहा, विद्यार्थी परिषद एक विचार है, जो केवल सदस्यता तक सीमित नहीं है। परिषद का यह संगठनात्मक विस्तार, भारतीय मूल्यनिष्ठा पर आधारित छात्र चेतना के जागरण का प्रमाण है। विविध क्षेत्रों में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को विचार और उनकी रुचि आधारित मंच देने की कोशिश जारी रहेगी।

### मेडिकल सहित अन्य क्षेत्र के छात्रों को जोड़ें

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा, अभाविप की बढ़ती सदस्यता संख्या केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि युवाओं में संगठन के प्रति विश्वास, प्रतिबद्धता और सक्रिय भागीदारी का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य हर विद्यार्थी तक पहुंचना है। चाहे वह मेडिकल संस्थान में हो, कृषि विश्वविद्यालय में हो या किसी सामाजिक पहल में रुचि रखता हो। हर क्षेत्र के लिए हमारे पास उपयुक्त मंच एवं गतिविधियां हैं और यह संगठनात्मक मजबूती राष्ट्र को दिशा देने वाली है।

### सभी सेक्टर के लिए अलग मंच

परिषद द्वारा उच्च शिक्षा की विभिन्न शाखाओं मेडिकल, इंजीनियरिंग, मानविकी, विधि, कृषि एवं फार्मेसी में अध्ययनरत छात्रों के लिए विशिष्ट कार्यक्षेत्र एवं मंच विकसित किए गए हैं। जैसे कि मेडिकल के छात्रों के लिए 'मेडिविजन', फार्मेसी के लिए 'फार्माविजन', कृषि विश्वविद्यालयों के लिए 'एग्रीविजन', उद्यमिता एवं नवाचार में रुचि रखने वालों के लिए 'सविष्कार' तथा सामाजिक कार्यों, पर्यावरण व सेवा कार्यों से जुड़े विद्यार्थियों के लिए 'सेवार्थ विद्यार्थी' व विकासार्थ विद्यार्थी आदि के माध्यम से युवाओं को संगठन से जोड़ा जा रहा है।

## बिजनेस साइट

### तंबाकू निषेध दिवस पर संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन ने चलाया जन-जागरूकता अभियान

**रायपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य तंबाकू के घातक प्रभावों और सेकेंड हैंड स्मोक की गंभीरता को लेकर समाज को जागरूक करना रहा। इस वर्ष की थीम 'ब्राइट प्रोडक्ट्स, डार्क इन्टेंशंस' के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने तंबाकू के हर रूप के सेवन के खतरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक और वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. यूसुफ मेमन ने बताया कि भारत में हर साल 13 लाख से अधिक लोगों की मौत तंबाकू के कारण होती है, यानी हर दिन करीब 3500 लोग जान गंवाते हैं। उन्होंने कहा कि धूम्रपान केवल सेवन करने वालों के लिए ही नहीं, बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी जानलेवा हो सकता है।




### न्यू देहली स्वीट्स की ओर से एनडीएस कैफे में लाइव साउथ इंडियन बुफे का आनंद




**रायपुर।** शंकर नगर स्थित कांग्रेस भवन के सामने न्यू देहली स्वीट्स द्वारा संचालित एनडीएस कैफे मल्टी कुजीन रेस्टोरेंट ने रायपुरवासियों के लिए खास वीकेंड ट्रीट का आयोजन किया है। अब हर शनिवार और रविवार को ग्राहक यहां सिर्फ 199 रुपए प्रति व्यक्ति में लाइव साउथ इंडियन बुफे का लुत्फ उठा सकते हैं। इस खास ऑफर में डोसा, इडली, बड़ा, उपमा, पाव भाजी, मसाला छाछ और चाय जैसी पारंपरिक और लोकप्रिय साउथ इंडियन डिशेज अनलिमिटेड परोसी जा रही हैं। स्वाद को और भी प्रामाणिक बनाने के लिए इन व्यंजनों को आंध्रप्रदेश के अनुभवी शेफ द्वारा लाइव तैयार किया जा रहा है।

### आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया ने लॉन्च किए दो नए रंगीन इस्पात उत्पाद




**रायपुर।** 'विकसित भारत' के लक्ष्य को समर्थन देने के लिए आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया ने दो नए प्रीमियम रंगीन लेपित इस्पात उत्पाद- ऑप्टिगल प्राइम और ऑप्टिगल पिन्नाकल लॉन्च किए हैं। ये उत्पाद यूरोपीय मानकों के अनुरूप अत्यधिक जंग प्रतिरोधी हैं और आधुनिक निर्माण परियोजनाओं जैसे हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और तटीय इमारतों के लिए उपयुक्त हैं। ऑप्टिगल प्राइम 15 वर्षों की, जबकि पिन्नाकल 25 वर्षों की वारंटी के साथ आता है। दोनों में एंटी-डस्ट, कूल रूफ जैसे छह विशेष वैरिएंट भी हैं। यह 'मेक इन इंडिया' पहल के अंतर्गत पर्यावरण-अनुकूल तकनीक से पुणे स्थित संयंत्र में तैयार किया गया है।

### ग्रैंड होंडा में मानसून महाबचत वीकेंड ऑफर योजना का भव्य आयोजन

**रायपुर।** शहर के ऑटोमोबाइल बाजार में इस समय विशेष उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि ग्रैंड होंडा द्वारा 'मानसून महाबचत वीकेंड ऑफर योजना' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष ऑफर 30 मई से 1 जून तक के लिए ग्रैंड होंडा के एक्सक्लूसिव शोरूम लोधीपारा चौक पंडरी मेन रोड भनपुरी एवं मेन रोड सड्डू में उपलब्ध रहेगा। इस तीन दिवसीय विशेष योजना के तहत ग्राहकों को होंडा के लोकप्रिय दोपहिया मॉडलों पर विशेष छूट और उपहार दिए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, होंडा शाइन 100सीसी मात्र 59,999 रुपए की विशेष कीमत पर और होंडा एक्टिवा 80,990 रुपए में उपलब्ध है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कंपनी द्वारा फुल टैंक पेट्रोल, फ्री हेलमेट एवं 2,500 रुपए तक की फ्री एसेसरीज प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही ग्राहकों को आकर्षक फाइनेंस स्कीम के अंतर्गत 1999 रुपए मात्र डाउन पेमेंट, 7.99% ब्याज दर एवं 2,000 रुपए तक का एक्सचेंज बोनस भी मिल रहा है।



# फर्जी डीडी बनाकर पांच करोड़ की ठगी दो साल बाद दो जालसाजों की गिरफ्तारी

## संबंधित फर्म द्वारा डीडी कैंसिल कराने पर मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंडसइंड बैंक में फर्जी डीडी के माध्यम से चार करोड़ 95 लाख की ठगी करने के दो साल पुराने मामले में मौदहापारा थाने की पुलिस ने दो जालसाजों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने श्री श्याम ट्रेडिंग की फर्म के नाम से फर्जी डीडी बनाकर ठगी की थी। जालसाजों के रायपुर आने की जानकारी मिलने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

- फर्जी डीडी की जानकारी मिलने के बाद बैंक ने फ्रीज किए थे चार करोड़ 65 लाख

ठगी के आरोप में पुलिस ने मूलतः राजस्थान, चुरू निवासी आकाश नाई, फाफाडीह निवासी कमल किशोर केशरवानी को गिरफ्तार किया है। आकाश के खिलाफ एमजी रोड स्थित इंडसइंड बैंक के मुन्ना सिंह ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। मुन्ना ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 27 फरवरी 2023 को आकाश के बैंक आने के पूर्व दो व्यक्ति आए थे। आकाश के आने के बाद उन दोनों ने उसे डीडी दिया, जिसे भरकर आकाश ने बैंक में जमा किया। जांच करने पर उक्त डीडी बंजारा हिल्स हैदराबाद की शाखा से होना पाया गया। इसे आरआर एनर्जी के मालिक फनेन्द्र कुमार की ओर से एकांउटेंट केएनएस कुमार के 24 फरवरी 2023 को चेक के माध्यम से उक्त रकम का डिमांड ड्राफ्ट बनाया गया था।



### कॉल आने पर मिली ठगी की जानकारी

बंजारा हिल्स शाखा के बैंक प्रबंधन के पास 28 फरवरी को आरआर एनर्जी का अकाउंटेट पहुंचा और डीडी कैंसिल कराने की बात कहते हुए वापस बैंक में डीडी जमा किया। बंजारा हिल्स इंडसइंड शाखा ने रायपुर ब्रांच में डीडी कैंसिल करने कॉल किया, तब पता चला की उक्त डीडी की राशि श्री श्याम ट्रेडिंग के संचालक आकाश के अकाउंट में ट्रांसफर की जा चुकी है। जांच करने पर आकाश द्वारा जमा की गई डीडी फर्जी होना पाया गया। उक्त डीडी में से 29 लाख 55 हजार रुपए आकाश ने आहरण कर लिया था। इसके बाद शेष रकम को बैंक ने सीज कर लिया।

# पालतू पशु विक्रय की कई दुकानों में नहीं किया जा रहा पेट शॉप नियम का पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड की टीम ने शुक्रवार को शहर में संचालित कई पालतू पशु विक्रय दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ज्यादातर दुकानों में पेट शॉप नियम 2018 के अनुरूप आवश्यक सुविधाओं का पालन नहीं करना पाया गया। इस पर टीम ने दुकानदारों को नियम का पालन करने की समझाइश दी, साथ ही चेतावनी भी दी कि दोबारा जांच में अगर कमियां मिलीं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

राज्य जीव जंतु बोर्ड के संयुक्त संचालक डॉ. आरके सोनवाने, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. इला धुरंधर सहित बोर्ड के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने जिले में संचालित पालतू पशु दुकानों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने निरीक्षण के दौरान फाफाडीह चौक, डागा पेट्रोल पंप के सामने मेहंदी बर्ड्स हाउस, अली बर्ड्स सेंटर, गरीब नवाज बर्ड एवं फिश शॉप तथा केजीएन डॉग एवं बर्ड सेंटर का जायजा लिया। इन दुकानों में पेट शॉप नियम 2018 के तहत कई कमियां पाई गईं। दुकानों में पशुओं के रखरखाव के लिए न्यूनतम स्थान सहित अन्य कई अनिवार्य व्यवस्थाएं नहीं मिलीं। टीम ने सभी दुकानों को सात दिवस के भीतर नियमों का पूर्ण पालन करते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं, तो दुकानों का पंजीयन निरस्त किए जाने की चेतावनी दी गई है।



## पेज 11 के शेष

### नई ट्रेन से जबलपुर...

फिलहाल जारी नहीं हुई है। इस रूट पर ट्रेन की मांग रायपुर और जबलपुर दोनों क्षेत्रों से लगातार की जा रही थी। कुछ समय से वंदेभारत एक्सप्रेस चलाने की चर्चा भी थी, लेकिन जोनल रेलवे अधिकारियों ने फिलहाल ऐसी संभावनाओं को खारिज कर दिया है। जानकारी के अनुसार, रेलवे इस रूट पर एक्सप्रेस ट्रेन चलाने पर विचार कर रहा है, क्योंकि इस मार्ग पर सभी वर्गों के यात्री यात्रा करते हैं। वंदेभारत जैसी प्रीमियम ट्रेन शुरू करने से मध्यमवर्गीय यात्रियों के लिए टिकट महंगा हो सकता है, इसलिए रेलवे आम यात्रियों की पहुंच को ध्यान में रखते हुए एक्सप्रेस ट्रेन को प्राथमिकता दे सकता है।

### गोंदिया रूट से...


मंजूरी दे दी है, जो गोंदिया होते हुए जबलपुर पहुंचेगी। यह नया रूट दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, कछपुरा और मदन महल से होकर जा सकता है। जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज लाइन के निर्माण के बाद इस रूट पर ट्रेन संचालन की संभावना पहले ही मजबूत हो गई थी। नई ट्रेन शुरू होने के बाद रायपुर से जबलपुर के 410 किमी का यह सफर लगभग 7 घंटे में पूरा हो सकेगा, जिससे यात्रियों को करीब 2 घंटे की बचत होगी।

### उच्च शिक्षा में ऊंची...

लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पुनरीक्षित विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के उपरांत सहायक प्राध्यापकों को पदोन्नत प्राध्यापक के पद पर पदोन्नत किया जाता है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि सहायक प्राध्यापकों और प्राध्यापकों की सूची लंबे समय तक अपडेट नहीं होती है। पदोन्नत करने के वक्त पुरानी सूची निकालकर जारी कर दी जाती है। इस कारण यह विसंगति हुई है।

### सूने मकान में चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ उसके सूने मकान में प्रवेश कर चांदी के जेवर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, गैस सिलेंडर सहित अन्य 40 हजार रुपए के घरेलू सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कमल विहार सेक्टर-4 निवासी सतीष कुमार सूर्यवंशी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।






सेहत भूमि

रायपुर, शनिवार 31 मई 2025

haribhoomi.com





# जिंदगी चुनो, तम्बाकू नहीं

हर साल 31 मई को ₹विश्व तम्बाक निषेध दिवस₹ (No Tobacco Dav) मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तम्बाक के सेवन से होने वाले घातक प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यह दिन तम्बाक, धम्रपान, गटखा, खैनी, बीडी और हक्का जैसे उत्पादों के खिलाफ जनजागति फैलाने के लिए समर्पित है।भारत में तम्बाक सेवन का चलन बहत पराना है। लेकिन समय के साथ यह एक आदत से अधिक एक लत बन गई है, जो न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नकसान पहंचाती है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी इसके घातक परिणाम देखने को मिलते हैं।

तम्बाकू एक प्रकार का पौधा है, जिसके पत्तों को सुखाकर विभिन्न रूपों में सेवन किया जाता है। इसे चबाने, पीने (धूम्रपान), संुघने आदि रूपों में उपयोग किया जाता है। तम्बाकू में पाया जाने वाला मुख्य रसायन निकोटिन (Nicotine) अत्यधिक नशे का कारण बनता है, जो इसे लत का रूप दे देता है।

## धूम्रपान और तम्बाकू सेवन के प्रकार:

1. सिगरेट और बीड़ी
2. गुटखा और खैनी (चबाने वाला तम्बाकू)
3. पान मसाला (तम्बाकू युक्त)
4. हुक्का (Hookah)5. तम्बाकू संुघना (Snuff)

## शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव:

**1. कैंसर का खतरा:** तम्बाकू सेवन से मुंह, गला, फेफड़ा, पेट, गुर्दा और यकृत में कैंसर होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।गुटखा और खैनी चबाने से मुँह का कैंसर सबसे आम है।

**2. फेफड़ों की बीमारियाँ:** धूम्रपान करने से क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, टी.बी. और सीओपीडी (COPD) जैसी गंभीर बीमारियाँ होती हैं।फेफड़े काले पड़ जाते हैं और कार्य क्षमता कम हो जाती है।

**3. हृदय संबंधी रोग:** निकोटिन ब्लड प्रेशर और दिल की धड़कन को बढ़ाता है, जिससे दिल का दौरा (Heart Attack) और स्ट्रोक (Brain Stroke) का खतरा होता है।

**4. प्रजनन प्रणाली पर प्रभाव:** पुरुषों में नपुंसकता, वीर्य की गुणवत्ता में गिरावट और महिलाओं में बांझपन की समस्या बढ़ जाती है।गर्भवती महिलाओं में तम्बाकू सेवन से गर्भपात, मृत बच्चा जन्म, कम वजन के शिशु आदि समस्याएं होती हैं।

**5. मुंह, दांत और गले की समस्याएं:** गुटखा खाने वालों के मुंह में छाले, बदबू, सफेद चकत्ते और ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस जैसे रोग होते हैं, जिससे मुंह का खुलना कठिन हो जाता है।

## मानसिक और सामाजिक प्रभाव:

**1. तनाव और चिंता में वृद्धि:** निकोटिन के कारण दिमाग कुछ समय के लिए शांत महसूस करता है, लेकिन ये लत बन जाती है और इसका न होना व्यक्ति को चिड़चिड़ा और बेचैन बना देता है।

**2. आदत में परिवर्तन:** व्यक्ति का व्यवहार आक्रामक हो सकता है, दूसरों से दूरी बनती है, और सामाजिक प्रतिष्ठा घटती है।

**3. परिवार पर असर:** घर के अन्य सदस्य, विशेषकर बच्चे और बुजुर्ग पैसिव स्मोकिंग (Second-hand smoke) से प्रभावित होते हैं।

## आर्थिक नुकसान:

एक व्यक्ति जो रोज़ सिगरेट या गुटखा सेवन करता है, वह प्रतिवर्ष हजारों रुपये इस आदत पर खर्च कर देता है। स्वास्थ्य संबंधी इलाज में भारी खर्च जुड़ता है।कार्य क्षमता में गिरावट आने से रोजगार पर असर पड़ता है।




## बच्चों और युवाओं पर प्रभाव:

तम्बाकू उत्पादों के आकर्षक विज्ञापन और फिल्मी सितारों के प्रभाव से बच्चे और किशोर इसे "स्टाइल सिंबल" मान लेते हैं।स्कूल-कॉलेज में दबाव और साथी साथियों के प्रभाव में आकर वे इसका सेवन शुरू कर देते हैं।इससे उनकी पढ़ाई, व्यवहार और भविष्य दोनों प्रभावित होते हैं।

## पैसिव स्मोकिंग (Second-hand Smoking) का खतरा:

धूम्रपान करने वाला व्यक्ति खुद ही नहीं, बल्कि आसपास के लोग भी धुएं के ज़हर से प्रभावित होते हैं।बच्चों में दमा, निमोनिया, और नवजात में अचानक मृत्यु का खतरा (SIDS) तक बढ़ जाता है।

## क़ानूनी उपाय और सरकार की भूमिका:

भारत सरकार ने तम्बाकू पर नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए हैं:

1. COTPA कानून (2003): सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर रोक।
2. पैकेट पर चेतावनी चित्र: सिगरेट और गुटखा के पैकेट पर डरावने चित्र और चेतावनी।
3. तम्बाकू उत्पादों का विज्ञापन प्रतिबंधित।
4. विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों के पास तम्बाकू बिक्री पर रोक।

## तम्बाकू छोड़ने के उपाय:

**1. संकल्प और मानसिक दृढ़ता:–** सबसे जरूरी है मन से तम्बाकू छोड़ने का निश्चय करना।

**2. सलाह और परामर्श:–** डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक या हेल्थ सेंटर से संपर्क करें।– ₹Quitline₹ सेवाएं और मोबाईल ऐप्स भी उपलब्ध हैं।

**3. निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी (NRT):–** जैसे निकोटिन गम, पैच, लोजेंज आदि से धीरे-धीरे आदत छोड़ी जा सकती है।

**4. योग और ध्यान:–** मानसिक संतुलन बनाए रखने और इच्छा शक्ति बढ़ाने में मदद करता है।

**5. समर्थन समूह:–** जो लोग तम्बाकू छोड़ चुके हैं, उनके अनुभवों से प्रेरणा मिलती है।






NO TOBACCO DAY
MAY 31

# मानसून आने वाला है: सेहत का रखें विशेष ध्यान
# छोटी-छोटी सावधानियां, बड़ी बीमारियों से बचाव

जैसे ही गर्मी की तपिश से राहत देने वाला मानसन दस्तक देता है, लोगों के चेहरे पर मस्कान लौट आती है। हरियाली, ठंडी हवाएं और बारिश की रिमझिम फहारें मन को सकन देती हैं। लेकिन इस सहावने मौसम के साथ कछ परेशानियाँ भी जडी होती हैं। मानसन नमी और गंदगी बढा देता है, जिससे बैक्टीरिया, वायरस और मच्छरों को पनपने का मौका मिलता है। नतीजतन, यह मौसम कई तरह की बीमारियों का घर बन जाता है।

इस मौसम में यदि समय रहते कछ छोटी-छोटी सावधानियाँ बरती जाएँ, तो हम न केवल खद को बीमारियों से बचा सकते हैं, बल्कि अपने परिवार को भी स्वस्थ रख सकते हैं। आइए जानते हैं कि मानसन में सेहत का ध्यान कैसे

### 1. जलजनित बीमारियों से बचाव करें

मानसन में दषित पानी पीने या इस्तेमाल करने से टाइफाइड, हैजा, पीलिया, डायरिया जैसी जलजनित बीमारियां फैलती हैं। इनसे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखें:

केवल उबला हआ या RO/फिल्टर किया गया पानी ही पिएं।

पानी की टंकियों और कंटेनरों को साफ रखें।

बाहर का जस, पानीपरी, कटे फल आदि खाने से बचें क्योंकि इनमें गंदा पानी मिला हो सकता है।

घर में पानी से संबंधित सभी जगहों को साफ-सथरा रखें।

### 2. मच्छर जनित रोगों से रहें सतर्क

मानसून के दौरान रुका हुआ पानी मच्छरों के प्रजनन का प्रमुख स्रोत बन जाता है। इससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियां फैलती हैं।

घर के आसपास पानी जमा न होने दें – कूलर, गमले, टायर, छत आदि की नियमित सफाई करें।

मच्छरदानी या मच्छर रोधी क्रीम/स्प्रे का प्रयोग करें।पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।

घर में नीम के पत्तों का धुआं या कपूर जलाकर वातावरण को शुद्ध रखें।

### 3. खानपान का रखें विशेष ध्यान

मानसून के दौरान हमारी पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है। इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों से परहेज़ करना जरूरी है जो भारी या संक्रमणकारी हों।

घर का बना ताजा भोजन करें।

तले-भुने और ज्यादा मसालेदार भोजन से बचें।

हरी पत्तेदार सब्जियों को अच्छे से धोकर ही पकाएं।

मौसमी फलों का सेवन करें – जैसे आम, लीची, जामुन, पपीता आदि।

हल्दी वाला दूध, ग्रीन टी, अदरक-तुलसी वाली चाय रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होती हैं।

### 4. त्वचा और बालों की देखभाल

मानसून में त्वचा और बाल भी काफी प्रभावित होते हैं। त्वचा पर फंगल इन्फेक्शन और बालों में रूसी आम समस्याएं हैं।

बारिश में भीगने के बाद तुरंत सूखे और साफ कपड़े पहनें।

नमी से बचने के लिए टैल्कम पाउडर या एंटी-फंगल पाउडर का प्रयोग करें।

रोज नहाएं और शरीर को सूखा रखें।

बालों में हल्का शैम्पू करें और नारियल तेल लगाएं।

### 5. इम्यूनिटी बढ़ाएं – रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करें

जैसे-जैसे मौसम बदलता है, शरीर को नई परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए मजबूत प्रतिरक्षा तंत्र की आवश्यकता होती है।

विटामिन-C युक्त आहार लें – जैसे नींबू, आंवला, संतरा।

आयुर्वेदिक काढ़ा, तुलसी की पत्तियाँ, गिलोय का रस इत्यादि इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं।पर्याप्त नींद लें और तनाव से दूर रहें।

### 6. नियमित योग और व्यायाम करें

मानसून में कई बार लोग बाहर जाकर टहलना या एक्सरसाइज करना बंद कर देते हैं, जिससे शरीर सुस्त हो जाता है और बीमारियों का खतरा बढ़ता है।

घर पर ही योग, प्राणायाम या हल्का व्यायाम करें।

शरीर को सक्रिय बनाए रखने के लिए प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का समय निकालें।

### 7. बच्चों और बुजुर्गों का रखें विशेष ध्यान

बच्चों और वृद्धजनों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। इसलिए मानसून में उनके खानपान, पहनावे और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

बच्चों को बाहर की चीजें खाने से रोकें।

बुजुर्गों को गुनगुना पानी और हल्का भोजन दें।

दोनों के लिए नियमित चेकअप कराएं और आवश्यक टीकाकरण कराएं।

50 वर्षों से चिकित्सा विज्ञान में कार्यरत
40 वर्षो से चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग एवं सौंदर्य विज्ञान क्षेत्र के अनुभवी
देश-विदेश की मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से शिक्षा प्राप्त चिकित्सक द्वारा संचालित
प्राचीनतम से नवीनतम, अति-आधुनिकतम मशीनों से सुसज्जित
डरमोकेयर, चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग, सौंदर्य विज्ञान चिकित्सालय एवं निदान केन्द्र
फाफाडीह चौक रायपुर (छ.ग.)
फोन - 0771 2523367, मोबाईल - 9575302541
परामर्श का समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
रविवार अवकाश
निवास- मुख्यमंत्री के सामने, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.)
फोन - 0771 2423303, मोबाईल - 9425202541, 9131752287

विश्व तंबाखू निषेध दिवस 31 मई 2025 के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर
निःशुल्क परामर्श
समय
सुबह 10:00 से शाम 4:00 बजे तक
स्थान
डॉ. सक्सेना ब्रीदवेल सेंटर
सक्सेना नर्सिंग होम
आर-3, अवंति विहार, सेक्टर -1 एक्सटेंशन, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
शिविर में उपलब्ध सुविधाएं
- फेफड़े की जाँच.
- तम्बाखू से संबंधित फेफड़े के रोग की जानकारी व सलाह
- अस्थमा, सीओपीडी, एलर्जी, निमोनिया, टीबी, फेफड़ों के कैंसर, धूल व धूएं व फेक्ट्रीयों (कारखानों) में होने वाले फेफड़ों के रोग की जाँच.
जाँच में 50% छूट
मुख्य आकर्षण
- फेफड़े रोग विशेषज्ञ से सीधा संवाद.
- तम्बाखू सेवन, धूम्रपान करने वाले या पूर्व में करने वालों के लिए सलाह.
- व्यवसायिक फेफड़ा रोग, अस्थमा, टीबी के मरीज, एलर्जी, सीओपीडी, सर्दी, खांसी, बुखार व अन्य फेफड़ों से संबंधित रोगों की सलाह व जाँच.
डॉ. आकांक्षा सारडा सक्सेना
M.B.B.S., M.D. (Respiratory Medicine) (2nd Merit)
श्वांस, एलर्जी, टी.बी. रोग एवं गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
भूतपूर्व वरिष्ठ रेसीडेन्ट, एम्स, रायपुर
डॉ. पलाश सक्सेना
M.B.B.S., M.D. (Respiratory Medicine)
श्वांस, एलर्जी, टी.बी. रोग एवं गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें -
90398 53285, 0771-4010187

SHREE RAM MULTI SPECIALITY HOSPITAL
SRMH
NABH CERTIFIED
लोकः समस्त सुखिनों भवन्तु



आपका स्वास्थ्य आपके हाथ
तम्बाकू का सेवन करने से होने वाली बिमारीयों की जानकारी व सलाह और उपचसार हेतु संपर्क करें
24x7
आपातकालीन सेवा, ट्रॉमा सेंटर एवं गंभीर मरीजों का उचित देखभाल
आपातकाल के लिए
8404 8404 79
70 बिस्तरीय हॉस्पिटल
उच्चस्तरीय क्रिटिकल केयर और ट्रॉमा सेंटर
FACILITIES :
• जनरल मेडिसीन • जनरल सर्जरी
• प्रसूति एवं स्त्री रोग • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी
• बर्न एवं चोट • यूरोलॉजी • नेफ्रोलॉजी • पीडियाट्रिक
• गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी • नाक, कान, गला • डेंटल
• फीजियोथेरेपी • ऑप्थल्मोलॉजी • कैंसर
• कीमोथेरेपी • कैंसर सर्जरी
ESIC एवं CSPDCL कर्मचारियों के लिए कैशलेश सुविधा उपलब्ध है
NOW CASHLESS TIE-UP WITH
STAR Health Insurance | Bajaj Allianz | Safeway Insurance TPA Pvt. Ltd. | Genins India Insurance TPA LTD | TATA AIG | SBI general | MedSave | Chola MS | Aditya Birla Capital Health Insurance | EWA East West Assist TPA
CASHLESSS HEALTH CHECK UP
Mediwheel | CallHealth | Health Assure | HealthLedger
UNDER SCHEME CASHLESS ANYWHERE
HDFC ERGO | Medi Assist
Near Railway Under Bridge, Basant Vihar Gate No.1,
Gondwara Chowk, Gudhiyari, Raipur (C.G.)
Phone : 0771-4343161, 4340162, Email : shreeramhospital.op@gmail.com
Website : www.srmhraipur.com



# "तम्बाकू छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो"

डॉ. देवी ज्योति दास ने 'विश्व तम्बाक निषेध दिवस' के अवसर पर तम्बाक के दष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। 2025 की थीम "आकर्षण का पर्दाफाश" इस बात पर केंद्रित है कि तम्बाक और निकोटीन कंपनियाँ कैसे यवाओं को लभावने विज्ञापनों, चमकदार पैकिंग और सोशल मीडिया के ज़रिए गमराह करती हैं। डॉ. दास के अनसार, तम्बाक एक धीमा ज़हर है जो फेफडों का कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी और समय से पहले बढापा जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म देता है। उन्होंने बताया कि तम्बाक छोडने के लाभ तरंत दिखने लगते हैं—जैसे 20 मिनट में हृदय की धडकन सामान्य होना और एक वर्ष में दिल की बीमारी का खतरा आधा हो जाना। उन्होंने जनता से अपील की कि वह राष्टीय तम्बाक नियंत्रण कार्यक्रम और हेल्पलाइन 1800-11-2356 का लाभ लें और स्वस्थ जीवन अपनाएं। उनका संदेश था—"तम्बाक छोडो, जीव सेनाताजोडो।

## डॉ. देवी ज्योति दास का जागरूकता संदेश :-

हर वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को तम्बाकू के खतरों के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसके उपयोग से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर चौबे कॉलोनी, रायपुर स्थित निवेद चेस्ट एंड आई केयर की संचालक और वरिष्ठ श्वसन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. देवी ज्योति दास ने विशेष रूप से तम्बाकू के दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों को लेकर जनजागरूकता फैलाने की अपील की।

## 2025 की थीम: "आकर्षण का पर्दाफाश"

इस वर्ष की थीम "आकर्षण का पर्दाफाश (Protecting children from tobacco industry interference)" युवाओं पर तम्बाकू उद्योग के प्रभावों को उजागर करती है। यह थीम विशेष रूप से इस बात पर केंद्रित है कि कैसे तम्बाकू और निकोटीन उत्पाद बनाने वाली कंपनियाँ युवाओं को अपने जाल में फँसाने के लिए आकर्षक विज्ञापनों, रंगीन व चमकदार पैकिंग, स्वाद वाले उत्पादों और सोशल मीडिया अभियानों का सहारा लेती हैं।डॉ. दास ने इस विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन कंपनियों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना है ताकि वे तम्बाकू सेवन की आदत शुरू करें और फिर जीवनभर के लिए इसके आदी बन जाएं। यह एक गहरी साजिश है जो हमारे आने वाली पीढ़ी के स्वास्थ्य और भविष्य पर हमला कर रही है।

## तम्बाकू – एक धीमा ज़हर

तम्बाकू एक ऐसा पदार्थ है जिसे लोग अक्सर तनाव मिटाने, आदत के तौर पर या सामाजिक प्रभाव के कारण सेवन करते हैं। लेकिन इसके पीछे छिपा खतरा बेहद घातक होता है। डॉ. दास के अनुसार, तम्बाकू को धीमा ज़हर (slow poison) कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। यह शरीर के लगभग हर अंग को प्रभावित करता है और दीर्घकालिक रोगों का कारण बनता है।

**तम्बाकू सेवन से जुड़ी प्रमुख बीमारियों में शामिल हैं:**

फेफड़ों का कैंसरहृदय संबंधी रोगसांस की गंभीर बीमारियाँ (जैसे COPD, अस्थमा)गर्भावस्था में जटिलताएँ और नवजात शिशु की समस्याएँमुँह, गले और पेट का कैंसरत्वचा पर समय से पहले झुर्रियाँ और बुढ़ापाउन्होंने विशेष रूप से इस बात पर ज़ोर दिया कि चाहे तम्बाकू किसी भी रूप में लिया जाए – बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, जर्दा, हुक्का या ई-सिगरेट – यह शरीर को नुकसान पहुँचाने का ही काम करता है।




## तम्बाकू छोड़ने के लाभ

अक्सर लोगों को लगता है कि तम्बाकू छोड़ना एक मुश्किल कार्य है और इसके परिणाम बहुत देर से मिलते हैं, लेकिन डॉ. दास ने इस भ्रम को तोड़ते हुए कहा कि तम्बाकू छोड़ने के लाभ तुरंत दिखने लगते हैं।

तम्बाकू छोड़ने के 20 मिनट के भीतर हृदय की धड़कन और ब्लड प्रेशर सामान्य होने लगते हैं।

12 घंटे के अंदर शरीर से कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर सामान्य हो जाता है।

2 से 12 हफ्तों में रक्तसंचार में सुधार और फेफड़ों की कार्यक्षमता बेहतर होने लगती है।

1 वर्ष में हृदय रोग का जोखिम आधा हो जाता है।

5 से 10 वर्षों में स्ट्रोक का खतरा तम्बाकू सेवन न करने वालों के बराबर हो जाता है। और 10 वर्षों में फेफड़ों के कैंसर का खतरा आधा हो जाता है।

## युवाओं के लिए चेतावनी

डॉ. देवी ज्योति दास ने खासकर किशोरों और युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि तम्बाकू सेवन की आदत अधिकतर कम उम्र में ही शुरू होती है, और यही समय होता है जब कोई भी व्यक्ति सबसे ज्यादा प्रभाव में आता है। कंपनियाँ इस मनोविज्ञान को समझकर अपने प्रचार अभियान इसी उम्र वर्ग पर केंद्रित करती हैं।

उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के साथ इस विषय पर खुलकर चर्चा करें, उन्हें सही जानकारी दें और उनके व्यवहार पर सतर्क दृष्टि रखें। सोशल मीडिया पर चल रहे तम्बाकू को ग्लैमराइज करने वाले ट्रेंड्स को लेकर भी जागरूक रहने की आवश्यकता है।

## सरकारी प्रयास और मदद

भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (National Tobacco Control Programme – NTCP) तम्बाकू से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम के तहत परामर्श सेवाएँ, जागरूकता अभियान, और नशा छोड़ने में सहायता देने वाले केंद्र स्थापित किए गए हैं।

इसके अलावा, 1800-11-2356 पर निशुल्क हेल्पलाइन उपलब्ध है, जहाँ कोई भी व्यक्ति तम्बाकू छोड़ने के लिए परामर्श और सहायता प्राप्त कर सकता है। यह हेल्पलाइन विशेषज्ञों की टीम द्वारा संचालित होती है जो व्यवहारिक, मानसिक और चिकित्सीय मार्गदर्शन प्रदान करती है।

**यह संदेश न केवल तम्बाकू सेवन करने वालों के लिए, बल्कि हर उस व्यक्ति के लिए है जो स्वस्थ जीवन की कामना करता है। आज का दिन है एक नई शुरुआत करने का – एक ऐसी शुरुआत जो ज़िंदगी की ओर ले जाए, बीमारी और निर्भरताकीओनहीं**






## सिटी लाइव

# बिना सोचे समझे किए गए विवाह से आने वाली परेशानियों को सहते रहते हैं युवा



**रायपुर।** बेटी के प्रेम विवाह को लेकर सबसे पहले माता-पिता को अपना नजरिया बदलना होगा। यदि ससुराल में बेटी से कुछ गलत हो रहा है तो तुरंत उसका प्रतिकार करें। बेटी की गृहस्थी बचाने की जगह उसके आत्मसम्मान और जिंदगी को बचाएं। काउंसलर डॉ. वर्षा वरवंडकर ने महाराष्ट्र मंडल में वैष्णवी आत्महत्या प्रकरण को लेकर हुई परिचर्चा में इस आशय के विचार व्यक्त किए। डॉ. वरवंडकर ने कहा कि पुणे का वैष्णवी आत्महत्या प्रकरण प्रेम विवाह का है। लड़की निर्णय लेने में समर्थ थी, लेकिन लोग क्या कहेंगे, इस उलझन में वह रिवर्स डिसीजन नहीं ले पाईं। जिंदगी में हमेशा यू-टर्न रहता है। निर्णय लेने की कला सीखनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रेमी से पति बनने का सफर अलग रहता है। जब आपका जोड़ीदार आपकी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर रहा तो चर्चा कीजिए।

### दहेज से हर साल आठ हजार बहुओं की मौत

परिचर्या का संचालन कर रहीं महाराष्ट्र मंडल की परिवार परामर्श समिति की प्रभारी शताब्दी पांडेय ने कहा कि दहेज की मांग आज भी समाज में किसी न किसी रूप में व्याप्त है। इसका संबंध मनुष्य की लालची प्रवृत्ति से है। आंकड़े बताते हैं कि आज भी प्रतिवर्ष आठ हजार बहुएं दहेज मृत्य की शिकार होती हैं। माता-पिता की ओर से ससुराल पक्ष की मांगें पूरी करना भी अपने आप में अपराध है। एडवोकेट मनीषा भंडारकर के अनुसार, आजकल ज्यादातर युवा प्रेम विवाह कर रहे हैं। बिना सोचे समझे किए गए विवाह में आने वाली परेशानियों को सहते रहते हैं। गुस्सा किसी भी व्यक्ति का क्षणिक होता है।

## आराधना

# भगवत कृपा के बगैर रास्ता नहीं दिखाते संत और गुरु



**रायपुर।** सभी ग्रंथ पुराण एवं वेद यही बताते हैं कि हमें उपासना करनी चाहिए। हमारे जीवन में जो कष्ट हैं, उनका अंत उपासना करने से ही संभव है। उपासना का अर्थ है हर परिस्थिति में आगे बढ़ना व वासना से उपासना की ओर आगे ले जाना है। श्रीधाम वृंदावन से पधारे डॉ. संजय कृष्ण सलिल महाराज ने बताया कि जब साधक सत्कर्म की ओर अग्रसर होता है तो कई विघ्न आते और विचलित करते हैं। ऐसे समय में प्रभु हमारी सहायता के लिए संत और गुरु के रूप में हमें स्थिति से जूझने का मार्ग भी दिखाते हैं। हमें धकेलकर ठाकुरजी के चरणों तक पहुंचाते हैं। महाराज ने श्री श्याम खाटू मंदिर में श्रीमद भागवत की श्रृंखला में श्रोताओं को शुक्रवार की कथा में भीष्म प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया।

### कथा उत्सव में कई प्रसंगों पर चर्चा

महाराज ने भक्तों को भावविभोर करते हुए अश्रुधारा से ओतप्रोत कर दिया। कथा में भगवान शिव और भगवान सुकदेव की जीवंत झांकियो ने मन मोह लिया। कथा में सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत संवाद, प्रहलाद चरित्र पर प्रकाश डाला। यजमान त्रिपद जैन और विशाल अग्रवाल थे। कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल, युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई की अध्यक्ष संध्या अग्रवाल के प्रयास से भक्तिमय माहौल बन रहा है। लोगों से मधुर संगीत और महाराज के मीठे भजन व प्रवचन का अमृत रसपान करने के लिए प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक कथा का हिस्सा बनने आग्रह किया गया है।

## लाइव इवेंट

# उर्स पाक में रौनक बढ़ाएगी साबरी पार्टी, कव्वाली की सजेगी महफिल



**रायपुर।** हर साल की तरह इस बार भी हजरत सैय्यद बाबा खाकी शाह वली रह अलैह का 59वां उर्स पाक बड़े शानों-शौकत से मनाया जाएगा। इस श्रृंखला में शुक्रवार को अमीनपारा में संदल और चादर मगरीब की नमाज के बाद पेश की जाएगी और आम लगर का इंतजाम किया गया है। रात 10 बजे के बाद से पद्मश्री मदन चौहान द्वारा शमा महफिल सजाई जाएगी। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल होने वाले हैं। देर रात शुरू होने वाले इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी बांटी गई है। 31 मई को बाद नमाज मगरीब आम लंगर का आयोजन और रात 10 बजे के बाद बूढ़ेश्वर चौक स्थित शीतला माता चौक के पास ही देश के मशहूर कव्वाल शाहरुख साबरी एंड पार्टी बिहार द्वारा शानदार कव्वाली पेश की जाएगी।

### कौमी एकता का प्रतीक बना उर्स पाक

यह जानकारी पत्रकारवार्ता में सरपरस्त लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने दी। बताया कि यह सर्वधर्म समभाव की मिशाल है। यह प्रोग्राम अनूठा इसलिए भी है, क्योकि जहां एक तरफ शीतला माता मंदिर की घंटी व मस्जिद से अजान की सदा निकलकर कौमी एकता का मिला-जुला संदेश देती है। उर्स कमेटी के अध्यक्ष मो. फारुख मेमन एवं विशिष्ट अतिथि मखमूर इकबाल खान एवं मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह छाबड़ा होंगे। दरगाह शरीफ के खादिमे आस्ताना सैय्यद जावेद अली, परवेज अली, जुनैद अली और मुख्तार अहमद कुरैशी ने प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए हैं।

● हर दिन 20 से अधिक पीड़ित पहुंच रहे ओपीडी, शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़े मामले

# तंबाकू की लत में पुरुष सबसे आगे, अब बच्चे भी पहुंच रहे ओपीडी, काउंसिलिंग और दवाओं से छूट रही आदत

**तंबाकू के उपयोग से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिसकी चपेट में बच्चों से लेकर बुजुर्गों वर्ग तक आ चुका है। शहर के जिला अस्पताल में रोजाना ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज तंबाकू की आदत से निजात पाने के उद्देश्य से पहुंच रहे हैं, इनका इलाज काउंसिलिंग और दवाईयों की मदद से किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं के अंतर्गत जिला स्तरीय अनेक अस्पतालों में तंबाकू के उपयोग को कम करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि स्वस्थ शरीर के साथ लोग जीवनयापन कर सकें।**



### ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अधिक प्रभावित

जांचकर्ता के अनुसार रायपुर से अधिक अन्य क्षेत्रों के लोग तंबाकू सेवन की लत से परेशान हैं, इसमें बच्चे, युवा, पुरुष और महिलाएं भी हैं। सबसे अधिक 30-40 उम्र के व्यक्ति तंबाकू की लत से दूर होने काउंसिलिंग में पहुंचते हैं, जिसके बाद बच्चे और महिलाओं का नाम दर्ज है। इसका मुख्य कारण आसपास के क्षेत्रों में तंबाकू सरलता से मिल जाना है, जिसके कारण लोग लगातार इसकी चपेट में आते जा रहे हैं।

**रायपुर।** "विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल के चिकित्सक ने बताया कि इन दिनों लगभग 1000 मरीज प्रत्येक माह इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनका उपचार काउंसिलिंग, च्युइंगम, पैच और दवाईयों की मदद से किया जा रहा है। इन दिनों विद्यार्थियों में भी तंबाकू की लत लगातार बढ़ती जा रही, जिसका मुख्य कारण आसपास का वातावरण है।"

विश्व तंबाकू निषेध दिवस



### तंबाकू के सेवन से हानिकारक प्रभाव

काउंसिलिंग के दौरान तंबाकू से होने वाली हानिकारक प्रभाव को बताया जाता है, इससे दांत में दर्द, कैंसर की समस्या, एसिडिटी, जबड़े की समस्या, खाने में मिर्च तेज लगना, हड्डियों में कमजोरी, पेटदर्द और नींद में कमी जैसी समस्याओं से लोग परेशान रहते हैं। यह शरीर को धीरे-धीरे कमजोर करता जाता है।



### युवाओं के बाद, अब बच्चों में बढ़ती समस्या

माता-पिता बच्चों को तंबाकू से निजात दिलाने के लिए काउंसिलिंग में पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे घर के बड़े-बुजुर्ग और आसपास के माहौल को देखकर गलत संगत में पड़ जाते हैं। इससे निवारण के लिए बच्चों को सरल शब्दों में समझाने का प्रयास किया जाता है, जिसमें माता-पिता को घर का वातावरण सुधारने और बच्चे की संगत पर ध्यान देने की समझाइश दी जाती है। जिला अस्पताल के डॉ. अविनाश शुक्ला, डॉ. राहुल वर्मा और डॉ. शोएब खान ओपीडी में रहकर मरीजों की काउंसिलिग करते हैं।



### मरीजों पर काउंसिलिंग और दवाओं का बेहतर असर

हरिभूमि से चर्चा के दौरान जिला अस्पताल के मनोवैज्ञानिक डॉ. शोएब खान ने बताया कि तंबाकू के लत से परेशान मरीजों का इलाज काउंसिलिंग और दवाईयों की मदद से किया जा रहा। रोजाना ओपीडी में लगभग 20-25 मरीज पहुंच रहे हैं, वहीं महीने में लगभग 1000 मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इस स्थिति में मरीजों को दिनचर्या में तंबाकू के बदले च्युइंगम और पैच उपयोग के लिए दिया जाता है, जो पूर्ण रूप से निशुल्क होता है। इसके प्रयोग से लोगों का ध्यान तंबाकू से हटकर च्युइंगम में जुड़ जाता है। वहीं दूसरी ओर पैच तंबाकू खाने की इच्छाशक्ति को कम करने में लाभदायक है।



# देवी अहिल्या बाई के जीवन संघर्ष और प्रेरणा को निबंध-चित्रकला से 200 प्रतिभागियों ने किया व्यक्त

**रायपुर।** देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर निबंध और चित्रकला स्पर्धा आयोजित की गई। इसमें 208 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं व कलाकारों ने भाग लिया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने देवी अहिल्या बाई होल्कर के संघर्षपूर्ण जीवन व उनके प्रेरणात्मक कार्यों को चित्रों के माध्यम से उकेरकर प्रदर्शित किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने निबंध वाचन से इसे व्यक्त किया। यह आयोजन नगर निगम संस्कृति विभाग की ओर से न्यू सर्किट हाउस सभागार में हुआ। जहां कार्यक्रम के अतिथियों ने देवी अहिल्या बाई होल्कर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव ने अपील करते हुए कहा कि नागरिक प्रजा पालक, प्रजा को परिवार एवं संतान की तरह पालन करने वाली लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी से प्रेरणा लें कि वे देश व समाज के लिए क्या कर सकते हैं, जिन बच्चों ने लोकमाता अहिल्या बाई की जीवनी पर निबंध चित्रकला स्पर्धा में भाग लिया है, उन्हें उनके जीवन से अवश्य प्रेरणा मिली होगी।





### सीनियर-जूनियर वर्ग में हुई प्रतियोगिता

कार्यक्रम में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता दो वर्ग सीनियर व जूनियर वर्ग में आयोजित की गई। सीनियर वर्ग में निबंध में 40, जूनियर वर्ग में निबंध में 58, सीनियर वर्ग में चित्रकला में 27, जूनियर वर्ग में चित्रकला में 83 छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों के शानदार कला प्रदर्शन को वहां मौजूद दर्शकों, अतिथियों ने खूब सराहा। सीनियर वर्ग निबंध स्पर्धा का प्रथम पुरस्कार पलक गोस्वामी, द्वितीय पुरस्कार दीपिका सिन्हा, तृतीय पुरस्कार आयुषी साहनी को दिया गया। वहीं चित्रकला सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार सुधाकर साहू, द्वितीय पुरस्कार कामेश चंद्राकर, तृतीय पुरस्कार दीक्षा पटले को मिला। निबंध जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार रीत गुड़वानी, द्वितीय पुरस्कार वर्तिका धुरंधर, तृतीय पुरस्कार आदिबा अंजुम कुरैशी के नाम हुआ।

# गुरु अर्जन देव के शहादत दिवस पर सिख समाज ने बांटा शर्बत



**रायपुर।** सिख पंथ के पांचवे गुरु, गुरु अर्जन देवजी के शहादत दिवस पर छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल द्वारा जयस्तंभ चौक पर मीठे और ठंडे शर्बत व चने का प्रसाद वितरण किया गया। तपती गर्मी में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से हर साल की तरह इस वर्ष भी छबील सेवा का आयोजन किया गया। गुरु महाराज को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए अरदास के साथ सेवा की शुरुआत की गई। राजधानीवासियों ने अपने वाहन रोककर बड़ी संख्या में इस सेवा में भाग लिया और ठंडे शर्बत से प्यास बुझाई। इस अवसर पर अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सिख काउंसिल के महासचिव गगनदीप सिंह हंसपाल, भूपेंद्र सिंह मक्कड़, परविंदर सिंह भाटिया, महेंद्र सिंह छाबड़ा, संजय श्रीवास्तव, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी, कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, कंवलजीत सिंह बांगा, जस्सी खनूजा, अमरजीत सिंह संधू, अमरजीत सिंह दत्ता, कमलेश कौर चावला, योगेश सैनी, पप्पू सलूजा, सुरजीत सिंह सहित सिख समाज और अन्य समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे।

## संग्रहालय में ढोकरा शिल्प, सैंड आर्ट, धान-ज्वेलरी, रजवार भित्ति चित्र, गोदना आर्ट की प्रदर्शनी

कार्नर न्यूज

# आकार-2025 का समापन आज, पारंपरिक नाचा, लोकनृत्य और गीतों से सजेगी शाम



**रायपुर।** आकार-2025 के समापन भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक और छत्तीसगढ़ी पारंपरिक शिल्प की प्रदर्शनी के साथ होगा।शनिवार शाम 6 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से की जाएगी, जहां स्वागत में लोकनृत्य, गीत एवं नाचा, भरथरी गाथा, वाद्ययंत्र और नाटक के प्रतिभागियों ने शानदार मंचीय प्रस्तुति तैयार की है। शुक्रवार को देर रात तक प्रतिभागी पूर्ण उत्साह और उमंग के साथ मंचीय प्रस्तुति का अभ्यास करते दिखे। वहीं शिल्प और कला प्रेमी प्रदर्शनी में सजने वाली वस्तुओं एवं चित्रों को अंतिम रूप देते दिखे।





### समापन अवसर पर देंगे प्रमाणपत्र

कार्यक्रम प्रबंधक युगल तिवारी ने बताया कि आकार-2025 में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं पांरपरिक विधाओं में प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शनिवार को समापन कार्यक्रम में 800 से अधिक प्रतिभागी अपने कला की प्रस्तुति देंगे, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग वर्ग शामिल है। आकार के प्रशिक्षण शिविर का प्रमाणपत्र भी कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान आकर्षण का केंद्र प्रत्येक विधा के प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई मंचीय प्रस्तुति एवं कलाशिल्प प्रदर्शनी होगी।



### प्रशिक्षक-गुरुओं का सम्मान भी

आकार के अंतिम दिन प्रत्येक विधा के कलागुरुओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर नाट्य प्रशिक्षिका अर्पिता बेड़ेकर, नाचा एवं लोकनृत्य, गीत से रमादत्त जोशी, सैंड आर्ट से देवानंद पवार, ढोकरा शिल्प से रंजीत झरोका, फाइन आर्ट से राहुल दत्ता, स्केचिंग व कैनवास पेंटिंग से डाली बदलानी, जूट शिल्प एवं मंडला आर्ट से कल्पना यादव, गोदना आर्ट से अनुपम सिंह, छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी मेकिंग एवं ट्राइबल वुडन आर्ट से डॉ. शुभा मिश्रा, भरथरी गाथा से रेखा जलक्षत्री, धान ज्वेलरी एवं ड्राई फ्लॉवर से नीरजा स्वामी, वाद्ययंत्र प्रशिक्षण से रिखी क्षत्रिय और रजवार भित्ति चित्र से प्रतिमा डहरवाल को सम्मानित किया जाएगा।